
रोहतक गुरुवार, 2 अक्टूबर 2025 ■ अश्विन मास शुक्ल पक्ष-10 ■ वर्ष : 29, अंक : 243 ■ पृष्ठ : 14 मूल्य : 3.00
मौसम अधि. 35.6, न्यून. 22.5
haribhoomi.com




# हरिभूमि
हरियाणा, दिल्ली, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी




## खबर संक्षेप

### आरबीआई ने रेपो रेट 5.5 प्रतिशत पर रखा स्थिर



**मुंबई (भाषा)।** भारतीय रिजर्व बैंक ने उम्मीद के मुताबिक बुधवार को प्रमुख नीतिगत दर रेपो को 5.5 प्रतिशत पर बरकार रखा। केंद्रीय बैंक ने मौजूदा परिस्थितियों पर गौर करते हुए चालू वित्त वर्ष के लिए आर्थिक वृद्धि के अनुमान को बढ़ाकर 6.8 प्रतिशत कर दिया। साथ ही खुदरा मुद्रास्फीति के अनुमान को घटाकर 2.6 प्रतिशत किया है। छह सदस्यीय मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) ने आम सहमति से रेपो दर को 5.5 प्रतिशत पर बरकरार रखने के पक्ष में मतदान किया। *एजेंसी*

### अभिषेक शर्मा बने दुनिया के नंबर वन बल्लेबाज



**नई दिल्ली।** भारतीय बल्लेबाज अभिषेक शर्मा ने आईसीसी टी20 रैंकिंग में नया इतिहास रच दिया है। अभिषेक ने इतने रेटिंग अंक हासिल कर लिए हैं, जो इससे पहले दुनिया के किसी भी बल्लेबाज ने नहीं की थी। एशिया कप 2025 के तुरंत बाद आईसीसी ने टी20 बल्लेबाजों की रैंकिंग जारी की है। उनकी रेटिंग 926 है। वह दुनिया के पहले बल्लेबाज हैं जिनकी इतनी रेटिंग अंक है। अभिषेक शर्मा अभी भी नंबर वन बने हुए हैं। *(खेल पेज भी देखें)*

## गेहूं का एमएसपी 160 रुपये बढ़कर 2585 रुपये प्रति क्विंटल हुआ, 6 रबी फसलों पर मिलेगा फायदा | हरियाणा में किसानों की कर्ज वसूली रोकी, खराब फसल का मिलेगा मुआवजा, तीन लाख किसानों को तुरंत राहत

# दशहरे पर किसानों को दिवाली बोनांजा

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ चंडीगढ़/नई दिल्ली

दिवाली से पहले प्रदेश और केंद्र सरकार ने किसानों के लिए पिटारा खोल दिया है। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने बुधवार को कहा कि दिवाली से पहले किसानों को बारिश से खराब हुई फसलों का मुआवजा मिल जाएगा। इस बार फसल के लिए कर्ज लेने वाले किसानों की वसूली रोक दी गई है। प्रदेश में ट्यूबवेल कनेक्शनों के बिजली बिलों का भुगतान दिसंबर 2025 तक स्थगित करने की घोषणा की है। उन्होंने कहा कि जुलाई 2025 तक देय बिल अब जनवरी 2026 से बिना अतिरिक्त शुल्क अदा किए जा सकेंगे, जिससे 7.10 लाख किसानों को तुरंत राहत मिलेगी। वहीं दूसरी ओर केंद्रीय मंत्रिमंडल ने बुधवार को फसल विपणन सत्र 2026-27 के लिए गेहूं का न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) 6.59 प्रतिशत बढ़ाकर 2,585 रुपये प्रति क्विंटल कर दिया। गेहूं के एमएसपी में इस साल 160 रुपये प्रति क्विंटल की बढ़ोतरी की गई है।

### केंद्रीय मंत्रिमंडल का फैसला, कुसुम का 600 रुपये बढ़ाया एमएसपी

- प्रधानमंत्री मोदी की अध्यक्षता में हुई बैठक
- पहले 2425 प्रति क्विंटल मिलता था गेहूं का भाव
- इस वर्ष में 11.9 करोड़ टन उत्पादन का लक्ष्य
- गेहूं रबी की मुख्य फसल किसानों को मिलेगा लाभ

**नई दिल्ली (भाषा)।** केंद्रीय मंत्रिमंडल ने बुधवार को फसल विपणन सत्र 2026-27 के लिए गेहूं का न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) 6.59 प्रतिशत बढ़ाकर 2,585 रुपये प्रति क्विंटल कर दिया। विपणन सत्र 2025-26 के लिए गेहूं का एमएसपी 2,425 रुपये प्रति क्विंटल तय किया गया था। इस तरह गेहूं के एमएसपी में इस साल 160 रुपये प्रति क्विंटल की बढ़ोतरी की गई है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में हुई मंत्रिमंडल की बैठक में यह निर्णय लिया गया। मंत्रिमंडल ने छह रबी फसलों के लिए एमएसपी को मंजूरी दी है। गेहूं का एमएसपी 2,585 रुपये प्रति क्विंटल तय किया गया है।



**इन फसलों पर लाभ**

| फसल | दाम | दाम | बढ़ोतरी |
|---|---|---|---|
| गेहूं | 2425 | 2585 | 160 |
| जौ | 1980 | 2150 | 170 |
| चना | 5650 | 5875 | 225 |
| मसूर | 6700 | 7000 | 300 |
| सरसों | 5950 | 6200 | 250 |
| कुसुम | 5940 | 6540 | 600 |

## बारिश और बाढ़ से खराब हुई फसलों का जल्द मिलेगा मुआवजा, 15,000 प्रति एकड़ मिलेंगे

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ चंडीगढ़

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने भारी बारिश और बाढ़ की स्थिति से प्रभावित किसानों को बड़ी राहत देते हुए प्रदेश में ट्यूबवेल कनेक्शनों के बिजली बिलों का भुगतान दिसंबर 2025 तक स्थगित करने की घोषणा की है। उन्होंने कहा कि जुलाई 2025 तक देय बिल अब जनवरी 2026 से बिना अतिरिक्त शुल्क अदा किए जा सकेंगे, जिससे 7.10 लाख किसानों को तुरंत राहत मिलेगी। मुख्यमंत्री यहां प्रेस वार्ता को संबोधित कर रहे थे। सीएम ने कहा कि जिन गांवों में बाढ़ से 50 प्रतिशत से अधिक फसलों का नुकसान हुआ है, उन किसानों से सहकारी समितियों के खरीफ सीजन के चालू फसली ऋण की वसूली स्थगित की जाती है।

*(संबंधित खबर पेज -2 पर)*



- बाढ़ से प्रभावित लोगों को 4 करोड़ 72 लाख 6 हजार रुपये दिए जा रहे
- एक नवंबर को महिलाओं के खाते में डालेंगे 2100 रुपये
- बिजली बिल भुगतान में दिसंबर तक छूट, अतिरिक्त शुल्क नहीं

### ट्यूबवेल के बिजली बिल जमा करने की छूट

सीएम नायब सैनी ने कहा कि आज ट्यूबवेल कनेक्शनों के बिजली बिलों का भुगतान दिसंबर, 2025 तक स्थगित करने की घोषणा करता हूं। जिन बिलों का भुगतान जुलाई, 2025 तक किया जाना था, वे अब जनवरी, 2026 से किसी भी अतिरिक्त शुल्क के बिना देय होंगे।

### खरीफ फसल कर्ज की वसूली रोकने के आदेश

मुख्यमंत्री सैनी ने कहा कि जिन गांवों में बाढ़ की वजह से आधी से ज्यादा फसल बर्बाद हो गई है, और उन गांवों के कर्जदार किसानों की एक तिहाई से ज्यादा फसल खराब हो गई है, ऐसे गांवों के किसानों ने सहकारी समिति से जो खरीफ की फसल के लिए कर्ज लिया है, उसकी वसूली रोक दी जाएगी।

### पंचायती राज संस्थाओं की दूसरी किस्त जारी

सीएम सैनी ने बताया कि आज प्रदेश की पंचायती राज संस्थाओं को राज्य वित्त आयोग की दूसरी किस्त के रूप में 404 करोड़ 79 लाख रुपये की राशि जारी की गई है। यह राशि 5 हजार 719 पंचायतों, 144 पंचायत समितियों और 3 जिला परिषदों के खातों में जाएगी।

**बाजरे का एमएसपी 2,775 प्रति क्विंटल**
187.30 मीट्रिक टन बाजरा खरीद संस्थाओं तथा 4,970 मीट्रिक टन व्यापारियों द्वारा खरीदा गया है। किसानों को 2,775 रुपये प्रति क्विंटल न्यूनतम समर्थन मूल्य का भुगतान सुनिश्चित किया जाएगा।

### केंद्रीय कर्मियों का महंगाई भत्ता 3% बढ़ा, 3 माह का एरियर मिलेगा



1.18 करोड़ कर्मचारियों पेंशनभोगियों को मिलेगा लाभ

**नई दिल्ली (भाषा)।** केंद्रीय मंत्रिमंडल ने बुधवार को लगभग 49.19 लाख केंद्र सरकार के कर्मचारियों और 68.72 लाख पेंशनभोगियों के लिए महंगाई भत्ते (डीए) और महंगाई राहत (डीआर) में तीन प्रतिशत की वृद्धि की। डीए और डीआर अभी तक मूल वेतन/पेंशन का 55 प्रतिशत था और इसमें तीन प्रतिशत की वृद्धि एक जुलाई, 2025 से प्रभावी है। राजकोष पर कुल मिलाकर 10,083.96 करोड़ रुपये का सालाना प्रभाव पड़ेगा। यह वृद्धि सातवें केंद्रीय वेतन आयोग की सिफारिशों पर आधारित स्वीकृत फॉर्मूले के अनुसार है।

### 57 नए केंद्रीय विद्यालयों को मंत्रिमंडल की मंजूरी



केंद्रीय मंत्रिमंडल ने 57 नये केंद्रीय विद्यालय (केवी) खोलने के लिए बुधवार को मंजूरी दी, जिससे 86 हजार से अधिक विद्यार्थी लाभान्वित होंगे। केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इन 57 नये केंद्रीय विद्यालयों में से सात केंद्रीय गृह मंत्रालय द्वारा और शेष राज्य सरकारों द्वारा प्रायोजित किए जाएंगे। नव स्वीकृत 20 केंद्रीय विद्यालयों को ऐसे जिलों में खोले जाएंगे, जहां स्कूल नहीं हैं।

### जीएसटी संग्रह 9% बढ़कर 1.89 लाख करोड़ रुपये



सकल माल एवं सेवा कर (जीएसटी) संग्रह सितंबर में 9.1 प्रतिशत बढ़कर 1.89 लाख करोड़ रुपये से अधिक हो गया। दरों को युक्तिसंगत बनाने के कारण बिक्री में वृद्धि से जीएसटी संग्रह बढ़ा है। बुधवार को जारी सरकारी आंकड़ों में यह जानकारी दी गई। सितंबर 2024 में सकल माल एवं सेवा कर (जीएसटी) संग्रह 1.73 लाख करोड़ रुपये और अगस्त 2025 में यह 1.86 लाख करोड़ रुपये था।

## हुरुन इंडिया 2025 की सूची जारी

# देश की कुल संपत्ति का 50 फीसदी 1687 लोगों के पास

### मुकेश अंबानी सबसे अमीर, अडाणी दूसरे नंबर पर

**मुंबई (एजेंसी)।** हुरुन इंडिया की भारत के सबसे अमीर हस्तियों की लिस्ट में मुकेश अंबानी फैमिली टॉप पर हैं। उनकी नेटवर्थ 9.55 लाख करोड़ रुपये हैं। गौतम अडाणी और उनका परिवार 8.15 लाख करोड़ रुपये की नेटवर्थ के साथ दूसरे नंबर पर हैं। बुधवार को हुरुन रिच लिस्ट 2025 जारी हुई। इस बार लिस्ट में 1,687 व्यक्तियों को शामिल किया गया। सभी अमीरों की कुल नेटवर्थ 167 लाख करोड़ रुपये है, जो भारत की जीडीपी का लगभग आधा है।





**ये हैं सबसे अमीर**

| व्यक्ति-परिवार | संपत्ति |
|---|---|
| मुकेश अंबानी | 955410 करोड़ |
| गौतम अडाणी | 814720 करोड़ |
| रोशनी नाडर | 284120 करोड़ |
| रसायन पूनावाला | 246460 करोड़ |
| कुमार मंगलम | 232850 करोड़ |
| नीरज बजाज | 232680 करोड़ |

### 22 साल के कैवल्य सबसे कम उम्र के धनपति



हुरुन इंडिया रिच लिस्ट 2025 में सबसे कम उम्र के 22 साल के कैवल्य वोहरा हैं, जो जेप्टो के को-फाउंडर हैं। वो अपने पार्टनर 23 साल के आदित पालिचा के साथ 5.9 बिलियन डॉलर की क्विक कॉमर्स स्टार्टअप चलाते हैं, जो लिस्ट में दूसरे सबसे कम उम्र के शख्स हैं। महज 22 साल की उम्र में वोहरा ने 4,480 करोड़ रुपये की संपत्ति बनाई है।

**करनाल के रहने वाले, गए थे मुजफ्फरनगर**

## सड़क हादसे में मां-बेटे समेत 6 की मौत, तीन महिलाएं शामिल

**करनाल (हरिभूमि न्यूज)।** करनाल के रहने वाले 6 लोगों की उत्तर प्रदेश के मुजफ्फरनगर में सड़क हादसे में मौत हो गई। इनमें 3 महिलाएं और 3 पुरुष हैं। एक घायल युवक को गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती कराया गया है। फरीदपुर गांव की महिला के पति की कैंसर की बीमारी की वजह से मौत हो गई थी। बुधवार को वह अपने बेटों और परिवार के अन्य लोगों के साथ



अस्थि विसर्जन के लिए हरिद्वार जा रही थी। पानीपत-खटीमा मार्ग पर उनकी कार आगे ट्रक में जा घुसी। चीख-पुकार सुन ग्रामीण मौके पर पहुंचे और सभी को गाड़ी से निकाला। इसके बाद पुलिस को घटना की सूचना दी। पुलिस ने शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए अस्पताल में भिजवाया है। घटना का एक सीसीटीवी वीडियो भी सामने आया है जिसमें अर्टिगा कार तेज रफ्तार में सीधी ट्रक से टकराती हुई नजर आ रही है। यह भी सामने आया कि जो ड्राइवर गाड़ी चला रहा था, वह रात ही ज्वाला जी से लौटा था।

**पूर्व सीएम की बढ़ी मुश्किलें, अगली सुनवाई 27 को**

## प्लॉट आवंटन : भूपेंद्र हुड्डा और एजेएल को हाईकोर्ट का नोटिस



**चंडीगढ़।** पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट ने बुधवार को हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा और एसोसिएटेड जर्नल्स लिमिटेड (एजेएल) को नोटिस जारी किया है। यह नोटिस केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) की उस याचिका पर जारी किया गया है, जिसमें ट्रायल पर लगी चार साल पुरानी रोक हटाने की मांग की गई है। सीबीआई की ओर से अधिवक्ता रवि कमल गुप्ता ने दलील दी कि हाईकोर्ट का चार साल पहले पारित आदेश ट्रायल को रोक रहा है, जिससे मामले की सुनवाई लंबित हो गई है। अगली सुनवाई 27 अक्टूबर को होगी।

### शताब्दी समारोह में पीएम ने जारी किए स्मारक टिकट व सिक्का

## राष्ट्र प्रथम संघ का भाव

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बुधवार को दिल्ली में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के शताब्दी समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। इस कार्यक्रम में पीएम मोदी ने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के राष्ट्र के प्रति योगदान को रेखांकित करने वाला विशेष रूप से डिजाइन एक स्मारक डाक टिकट और सिक्के को जारी किया। पीएम मोदी डॉ. अंबेडकर अंतरराष्ट्रीय केंद्र में उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि यह हमारा सौभाग्य है कि हमें संघ जैसे संगठन का शताब्दी वर्ष देखने को मिल रहा है। उन्होंने कहा कि राष्ट्र प्रथम सदैव संघ का भाव रहा है।



### संघ के खिलाफ साजिशें

पीएम मोदी ने संघ के खिलाफ साजिशों का भी जिक्र किया। उन्होंने कहा कि राष्ट्र साधना की इस यात्रा में ऐसा नहीं है कि संघ पर हमले नहीं हुए, संघ के खिलाफ साजिशें नहीं हुईं, हमने देखा है कि कैसे आजादी के बाद संघ को कुचलने का प्रयास हुआ।




## स्वास्थ्य सेवाओं से आहत होकर पढ़ाई को बनाया मिशन

### दो एमबीबीएस की पढ़ाई कर रही तीसरी नीट की तैयारी में जुटी

# मम्मी-पापा को बीमारी में तड़पते देखा तो बेटियों ने डॉक्टर बनने की ठानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल

*पिता लीलाराम ने बताया कि पाचनोता, मूसनौता, बायल, ढाणी रावता समेत कई गांवों में चिकित्सीय व्यवस्था नहीं है। मरीजों को इधर-उधर भटकना पड़ता है जिससे आहत बेटियों ने डॉक्टरी की पढाई को मिशन बना लिया।*

दृढ़ निश्चय और कठोर परिश्रम ही सफलता की कुंजी होती है। यह साबित करके दिखाया है पाचनोता के लीलाराम की बेटियों ने, जिन्होंने मम्मी-पापा को बुखार में तपते देखकर डॉक्टर बनने का संकल्प लिया है। प्रतिज्ञा के अनुरूप बड़ी बेटी आशीष कुमारी ने नीट में 640 अंक लेकर बिलासपुर के सरकारी मेडिकल कॉलेज में प्रवेश पाया है। छोटी पुत्री रिहाना को भठिंडा के एम्स में प्रवेश मिला है। अब तीसरी बेटी ने भी नीट की तैयारी करना आरंभ कर दिया है। पाचनोता निवासी लीलाराम गुर्जर की चार बड़ी बेटी तथा एक छोटा बेटा है।

### घटना ने झकझोर दिया

तीन साल पहले लीलाराम व उसकी पत्नी को तेज बुखार हो गया, साथ ही छाती में दर्द होने पर पूरा परिवार घबरा गया था। बेटियों ने इलाज के लिए नांगल चौधरी अस्पताल में लेकर जाने की योजना बनाई, लेकिन वाहन सुविधा उपलब्ध नहीं हुई। चारों बहनों ने जैसे-तैसे रात बिताई और सुबह होने पर मम्मी-पापा का अस्पताल में इलाज कराया। रात के घटनाक्रम की हुई भागदौड़ ने चारों बेटियों की मानसिकता को उथल-पुथल कर दिया। उन्होंने डॉक्टर बनने का संकल्प लिया।





**आसपास के कई गांवों में स्वास्थ्य सेवाएं लचर, लोग परेशान**

**चिकित्सा व्यवस्था मजबूत करना लक्ष्य :** लीलाराम ने बताया कि ग्रामीण क्षेत्र में विशेषकर महिलाओं को मूलभूत चिकित्सा सुविधा नहीं मिल पाती है। बेटियां चिकित्सा व्यवस्था को मजबूत करना चाहती है।

### पढ़ाई में लहराया परचम

बड़ी पुत्री आशीष कुमारी ने 2023 में नीट की परीक्षा दी और पहले ही प्रयास में सफलता हासिल की। जो वर्तमान में बिलासपुर (हिमाचल) मेडिकल कॉलेज ने एमबीबीएस तृतीय वर्ष की पढ़ाई कर रही है। छोटी बेटी रिहाना ने 2025 में नीट की परीक्षा दी और 591 अंक लेकर भठिंडा एम्स में प्रवेश पाया है। अब तीसरी बेटी सारिका ने भी मेडिकल का पढ़ाई के साथ फाउंडेशन कोर्स की कक्षाएं लेनी आरंभ कर दी। चौथी बेटी पलक कुमार अभी नौवीं कक्षा में पढ़ रही है।

## खबर संक्षेप



### पहली बार प्रशासनिक समस्याएं निवारण शिविर

**चंडीगढ़।** पंचायत मंत्री कृष्ण लाल पंवार की अध्यक्षता में चंडीगढ़ स्थित हरियाणा पंचायत भवन में विकास एवं पंचायत विभाग द्वारा एक दिवसीय 'प्रशासनिक समस्याएं निवारण शिविर' का आयोजन किया गया। इस शिविर की सबसे बड़ी विशेषता यह रही कि विभाग के मंत्री, आयुक्त-सचिव और महानिदेशक ने एक ही मंच पर बैठकर कर्मचारियों से जुड़ी फाइलों का निपटान किया।

### 11 सियासी दलों को चुनाव आयोग का नोटिस

**चंडीगढ़।** हरियाणा में चुनावी खर्च का ब्यौरा नहीं देने के कारण 11 गैर मान्यता प्राप्त सियासी दलों पर संकट हैं। चुनाव आयोग ने नोटिस जारी कर राजनीतिक दलों से 13 अक्टूबर तक दस्तावेज प्रस्तुत करने के आदेश जारी किए हैं। 16 अक्टूबर को पार्टी प्रतिनिधि व्यक्तिगत रूप से चुनाव आयोग के समक्ष पेश होकर अपना पक्ष रख सकेंगे। उसके बाद में जवाब से संतुष्ट नहीं होने पर रजिस्ट्रेशन रद किया जा सकता है।

### आरटीआई आवेदनों के संबंध में सख्त निर्देश

**चंडीगढ़।** हरियाणा सरकार ने हरियाणा सिविल सचिवालय में कार्यरत सभी राज्य जन सूचना अधिकारियों (एसपीआईओ) को यह स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि वे मुख्य सचिव कार्यालय के आरटीआई प्रकोष्ठ द्वारा प्रेषित सूचना का अधिकार (आरटीआई) से जुड़े सभी आवेदनों को अनिवार्य रूप से स्वीकार करें। सरकार ने यह भी दोहराया है कि सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005 का उद्देश्य पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित करना है। किसी भी प्रकार की लापरवाही या असहयोग को गंभीरता से लिया जाएगा।

# हिसार के 1 वर्षीय युवांश को 2 करोड़ की दरकार, सबसे खतरनाक बीमारी का इंजेक्शन 9 करोड़ का, क्राउड फंडिंग से 7 करोड़ जुटाए

## स्पाइनल मस्कुलर एट्रोफी टाइप-1 से जूझ रहा बच्चा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

दुनिया की सबसे खतरनाक बीमारी से जूझ रहे हरियाणा पुलिस कॉन्स्टेबल का बेटा युवांश इस 9 अक्टूबर को एक साल का हो जाएगा। उम्मीद है कि पहले जन्म दिन पर उसे लंबी जिंदगी का तोहफा मिल जाए। ये तोहफा कुछ और नहीं बल्कि स्विट्जरलैंड से आने वाला 9 करोड़ रुपये का इंजेक्शन है। स्पाइनल मस्कुलर एट्रोफी टाइप-1 से जूझ रहे युवांश के लिए यह इंजेक्शन किसी संजीवनी बूटी से कम नहीं होगा। क्राउड फंडिंग यानी लोगों के सहयोग से करीब 7 करोड़ रुपए जुटाए जा चुके हैं। अब दो करोड़ रुपए की कमी रह गई है। इस महीने 4 और जिलों के पुलिस कर्मी 1-1 दिन का वेतन बच्चे के इलाज के लिए देंगे।



**फतेहाबाद।** बेटे युवांश के साथ राजेश कुमार व किरण।

### एकमात्र इलाज जीन थेरेपी

बता दें कि, युवांश की बीमारी के इलाज के लिए स्विट्जरलैंड के जेनेवा शहर से जोलगेन्समा इंजेक्शन मंगवाया जाना है। जिसकी पहले कीमत 14.50 करोड़ रुपए थी। इस बीमारी का एकमात्र इलाज जीन थेरेपी है, जिसके लिए यह इंजेक्शन जरूरी है। हिसार के रहने वाले युवांश के पिता राजेश कुमार फतेहाबाद की साइबर शाखा में कॉन्स्टेबल हैं, जबकि मां किरण फतेहाबाद में ही फूड एंड सप्लाई डिपार्टमेंट में क्लर्क हैं। युवांश के पिता राजेश कुमार ने बताया कि जब बेटे की जिंदगी बचाने के लिए संघर्ष शुरू किया तब इंजेक्शन की कीमत 14.50 करोड़ रुपए थी। अपना सबकुछ बेचकर भी हम इतनी बड़ी रकम नहीं जुटा पाते। दिन-रात छोटे बच्चे की तरफ देखकर रोते रहते थे। बेटे की जिंदगी बचाने के लिए हमने क्राउड फंडिंग शुरू की तो लोग मदद के लिए आगे आने लगे।

### पुलिस कर्मी दे चुके एक एक दिन का वेतन

राजेश के अनुसार प्रदेश के 18 जिलों के पुलिसकर्मियों ने भी स्वेच्छा से एक-एक दिन का वेतन युवांश की मदद के लिए दिया है। प्रदेश के 22 जिलों में से करनाल, कुरुक्षेत्र, अंबाला और यमुनानगर को छोड़कर बाकी 18 जिलों के पुलिस कर्मियों ने एक-एक दिन का वेतन दिया। पिता राजेश उम्मीद जताते हैं कि इस महीने की सैलरी से इन चारों जिलों के पुलिसकर्मियों से भी मदद मिलेगी। युवांश की मदद के लिए राजनेताओं ने भी ग्रांट के तौर पर खूब मदद की है। सबसे बड़ी मदद ट्रांसपोर्ट मिनिस्टर अनिल विज की ओर से मिली। उन्होंने 20 लाख रुपए की ग्रांट दी। विपुल गोयल ने 9 लाख की मदद की है।

### अब सिर्फ 2 करोड़ रुपये की और जरूरत

इंजेक्शन की कीमत मूल कीमत करीब 14.50 करोड़ रुपए है। पिता राजेश बताते हैं कि इंजेक्शन निर्माता कंपनी से बात की गई और सारी बात बताई गई। यह भी बताया कि क्राउड फंडिंग की जा रही है। इसके बाद कंपनी यह इंजेक्शन करीब 9 करोड़ रुपए में देने को तैयार हो गई। क्राउड फंडिंग के जरिए 7 करोड़ रुपए जुटा लिए हैं। अब सिर्फ 2 करोड़ रुपए की और जरूरत है। 2 करोड़ और एकत्रित होते ही वह जेनेवा से इंजेक्शन मंगवा लेंगे।

## जैसे को तैसा : फिरौती मांगकर फैलाते थे दहशत

# बदमाशों का सिर मुंडवाकर बीच बाजार में घुमाया

## जहां दहशत फैलाई, वहीं करवाई परेड

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फरीदाबाद

फिरौती के बल पर लोगों के बीच में अपनी दहशत जमाने वाले बदमाश कमल भड़ाना और शशिकांत को क्राइम ब्रांच ने सिर मुंडवा कर डबुआ मार्केट में घुमाया। कमल भड़ाना व्हील चेयर पर था और शशिकांत बैशाखी का सहारा लेकर चल रहा था। बताया गया कि ऐसा करने का मकसद आम लोगों के बीच से इनकी दहशत निकालना था। नंगला गांव में रहने वाले कमल भड़ाना पर 15 और शशिकांत पर 6 मामले दर्ज हैं। पिछले दिनों कमल और शशिकांत ने न्यू जनता कॉलोनी में रहने वाले कपड़ा व्यापारी के घर के बाहर फायरिंग करके फिरौती मांगी थी। फिरौती मांगकर दशहत फैलाने वाले बदमाशों की निकाली हैकड़ी, कमल भड़ाना और शशिकांत के सिर मुंडाकर बाजार में घुमाया।



**फरीदाबाद।** फिरौती मांगकर दशहत फैलाते के आरोपी बदमाश कमल भड़ाना और शशिकांत के सिर मुंडवाकर बाजार में घुमाते एसीपी व क्राइम ब्रांच की टीमें।

### दोनों बदमाशों पर कई मामले दर्ज

इसके साथ ही घर में घुसकर एक बुजुर्ग महिला पर हमला करके लूट करने का भी मामला दोनों पर दर्ज हैं। हालांकि, पुलिस का कहना था कि वह दोनों को निशानदेही के लिए ले गए थे। डबुआ मार्केट में भी बदमाशों पर लूटपाट का मामला दर्ज है। इस दौरान मार्केट में सब्जी की खरीदारी करने आए लोग इन दोनों बदमाशों की वीडियो बनाते हुए नजर आए। एसीपी वरुण दहिया के अनुसार बदमाशों को निशानदेही के लिए ले गए थे। पुलिस का मकसद आम लोगों के बीच में से इन बदमाशों का खौफ निकालना है।

### बाजारों में डेढ़ घंटे तक घुमाया

फरीदाबाद में घुमाए गए बदमाशों को सबसे पहले डबुआ सब्जी मंडी से लोगों के बीच से निकलते हुए जवाहर कॉलोनी फिर डबुआ- गाजीपुर रोड पर घुमाया गया। इसके बाद उन बदमाशों को जहां से उन्हें पकड़ा गया, पाली सैनिक कॉलोनी रोड पर भी ले जाया गया।

### जनता के बीच संदेश देना मकसद : एसीपी

वरुण दहिया ने बताया कि पुलिस इन दोनों को निशानदेही के लिए बाजार लेकर गई थी। साथ ही, इस तरीके से जनता को यह संदेश देना भी मकसद था कि अपराधियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जा रही है और जनता को डरने की जरूरत नहीं है।

## फर्जी गेम्बलिंग ऐप फेयरप्ले और मायफेयर के जरिए साइबर फ्रॉड

# अन्तरराज्यीय गिरोह का पर्दाफाश राजस्थान से 6 युवक धर दबोचे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

फतेहाबाद साइबर पुलिस टीम ने अन्तरराज्यीय साइबर ठग गिरोह का पर्दाफाश करते हुए राजस्थान के भीलवाड़ा से 6 शातिर आरोपियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तारी के दौरान आरोपियों के कब्जे से 3 लैपटॉप, 1 टैबलेट, 28 मोबाइल फोन, फर्जी दस्तावेज और अन्य इलेक्ट्रॉनिक उपकरण बरामद किए गए हैं। गिरोह के सदस्य विभिन्न राज्यों में सक्रिय रहकर भोले-भाले लोगों को ठगी का शिकार बनाते थे। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान अविनाश खोईवाल पुत्र लादू लाल निवासी खटीक मोहल्ला, वार्ड नं. 36, भीलवाड़ा, मनोज निवासी जवासिया, गंगरार, जिला चितौड़गढ़, भेरू लाल खटीक निवासी डागरी मोहल्ला, दांतड़ा, भीलवाड़ा, आकाश चावला पुत्र प्रेम कुमार निवासी तिलकनगर, भीलवाड़ा, अंकित पुत्र मुकेश कुमार निवासी खटीक मोहल्ला, मंगरोप, भीलवाड़ा तथा चिराग पुत्र मुकेश कुमार सडाश, चितौड़गढ़ के रूप में हुई है।



**फरीदाबाद।** साइबर ठगी मामले में राजस्थान से गिरफ्तार 6 युवक।

### कोसली: नील गाय से टकराई बाइक, कंपनी कर्मी की मौत

**कोसली।** मुकाबरकपुर चौक के पास बाइक के सामने अचानक नीलगाय आने से एक कंपनी कर्मचारी की मौत हो गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया। छव्वा निवासी करीब 40 वर्षीय रविदत्त मानेसर की एक कंपनी में कार्यरत था। सुबह करीब साढ़े 4 बजे वह चौक पर जाने के लिए घर से बाइक लेकर निकला था। रास्ते में अचानक बाइक के सामने नीलगाय आ गई। इससे बाइक का संतुलन बिगड़ गया। रविदत्त बाइक से गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

### जाखौली के निकट ट्रक और कार की टक्कर में सब इंस्पेक्टर की मौत

**राजौंद।** जाखौली और किछाना कुई के बीच ट्रक और कार की टक्कर में सब इंस्पेक्टर की मौत हो गई। सब इंस्पेक्टर कृष्ण कुमार राजौंद थाना में तैनात थे और अपने कोर्ट से संबंधित कार्यों से करीब 9:30 बजे कार में सवार होकर कैथल आए थे। देर रात काम के बाद वह वापस राजौंद थाना में जा रहे थे। जब वह अपनी कार से गांव जाखोली व किछाना कुई के बीच पहुंचे तो एक ट्रक ड्राइवर ने तेज गति व लापरवाही से वाहन चलाते हुए उसकी कार को टक्कर मार दी। चोट लगने से मौत हो गई।






Terms and Conditions applied. *Approval of the loan is at the sole discretion of the financiers, and additional documentation may be required. *The interest rates, loan amount, down payment, tenure options and EMI are based on the financier's assessment of the applicant's credit profile. *Low EMI offers are applicable for select HMSI models as follows: ₹49/- per day for Shine100 DX ; ₹79/- per day for Shine125, SP125 & CB125 Hornet; ₹1999/- per month for Activa. *Some of the mentioned components of the scheme cannot be clubbed together. *The offers/features may be modified or withdrawn at any time without prior intimation. *Offer valid until 31st October 2025. **Instant Cashback up to ₹5000 is available on selected HMSI models for EMI transactions using HDFC Bank credit cards with a minimum transaction value of ₹40000. **An instant cashback of flat ₹2000 is applicable on a minimum full swipe transaction of ₹40000, and flat ₹3000 Instant cashback on a minimum full swipe transaction of ₹75002. **Instant Cashback up to ₹4000 is available on selected HMSI models for EMI transactions made using IDFC Bank credit cards with a minimum transaction value of ₹40000. **The offer is valid on credit card transactions processed through Pine Labs machines only and is applicable for one transaction per card/order during the offer period. **The Instant Cashback offers from HDFC Bank and IDFC Bank are valid until 31st October 2025. ^GST benefit is based on a reduction from 28% to 18% GST on the Ex-showroom price of NX 200. ^The actual savings may vary depending on the selected model and state. Product shown in the picture may vary from actual product available in the market. Accessories shown in the picture are not part of standard equipment.

**Honda Motorcycle & Scooter India Pvt. Ltd., Registered Office:** Plot No. 1, Sector - 03, IMT Manesar, Distt. Gurugram, (Haryana) – 122052, India; **Website:** www.honda2wheelersindia.com; **Customer Care:** customercare@honda.hmsi.in

**Honda Exclusive Authorized Dealerships:** **HISSAR:** Ashwani Honda - 9992220141; Malik Autos Honda - 8572888882; **HANSI:** Malik Autos Honda - 8572888818; **BARWALA:** Malik Autos Honda - 8572888814; **ADAMPUR:** Malik Autos Honda - 8572888813; **BHIWANI:** MRM Honda - 9992888908; **CHARKHI DADRI:** MRM Honda - 9992888914; **BADHRA:** SS Honda - 9991940444; **TOSHAM:** MRM Honda - 9992888906; **FATEHABAD:** Manjhu Honda - 9992221831; **RATIA:** Avni Honda - 8168871488; **TOHANA:** Bharat Honda - 9728435800; **SIRSA:** Decent Honda - 9996020993; **BAWANI KHERA:** ASR Honda - 7056710107; **ELLENABAD:** R S Honda - 9729542078; **DABWALI:** Decent Honda - 9996688044; **ROHTAK:** Lohchab Honda - 8684888804; Shri Krishna Honda - 9896655630; **SAMPLA:** Rama Honda - 8684840808; **MAHAM:** RS Honda - 9218092190; **JHAJJAR:** Shree Shyam Honda - 9466511837; **BAHADURGARH:** Shri Balaji Honda - 7404533495; **KANINA:** Suraj Honda - 9466082883; **REWARI:** Shree Honda - 9215059220; **REWARI BYEPASS:** Shree Honda - 9416662018; **BAWAL:** Avtar Honda - 9729130036; **NUH:** Sri Madhav Honda - 8708512346; **DHARUHERA:** Shree Honda - 8689065800; **KOSLI:** Dev Honda - 9996772999; **PALHAWAS:** Krishna Honda - 9992186137; **MAHENDERGARH:** White Feather Honda - 9416574455; **NARNAUL:** BRS Honda - 9050109779; **ATELI:** Shiva Honda - 8053782800; **PANIPAT:** L.K. Honda - 7876767800; Malik Honda - 9382938293; **MADLOUDA:** Puneet Honda - 8813050100; **ISRANA:** Kundu Honda - 9518095430; **KARNAL:** Ess Kay Honda - 9053554321; Rahul Karnal Honda - 9813100005; **ASSANDH:** Raman Honda - 9896678058; **INDRI:** Kalra Honda - 9996909466; **TARAORI:** Navya Honda - 9896939869; **SONEPAT:** Triumph Honda - 9254015907; **CHOTU RAM CHOWK (SONEPAT):** Triumph Honda - 9254015901; **GANNAUR:** Triumph Honda - 9254015908; **GOHANA:** Shirin Honda - 9053922215; **KHARKHODA:** Ashirwad Honda - 9017190979; **KUNDLI:** Triumph Honda - 9254015904; **BAHALGARH:** Triumph Honda - 9034015921; **JIND:** S.J Jind Honda - 9350984119; **NARWANA:** Shivam Honda - 9812318005; **SAFIDON:** BRS Honda - 8396989000; **YAMUNANAGAR:** Sai Honda - 9034051285; **ITI CHOWK:** Sai Honda - 8950374020; **KURUKSHETRA:** Arsh Honda - 8053444441; Singla Honda - 9467766711; **LADWA:** Deepak Honda - 9812077382;**PEHOWA:** Chirag Honda - 8330000050; **KAITHAL:** Kaithal Honda - 9991825394; **CHEEKA:** Kaithal Honda - 9541021041; **PUNDRI:** Lakhan Pal Honda - 9416847289; **GHARAUNDHA:** Esskay Honda - 9812136979; **SAMALKHA:** L.K. Honda - 8059900602; **MODEL TOWN (PANIPAT):** L.K. Honda - 8059900603; **SADHOURA:** Shree Ganpati Honda - 8708287839; **RADAUR:** Ganpati Honda - 7056259000; **JAGADHARI:** Shiv Shankar Honda - 9355320111; **BILASPUR:** Bakshi Honda - 9934390054; **PANCHKULA:** Joshi Honda - 9915495288; **BARWALA PANCHKULA:** Aviate Honda - 9815555919; **BALLABGARH:** Kabir Honda - 9625268154; **GAUNCHI:** Kabir Honda - 9717967717; **FARIDABAD:** Pick Up Honda - 9873875500; Regent Honda - 9650445006; Faridabad Honda - 8130515558; **GREATER FARIDABAD:** Pick up Honda - 9873820000; **GURUGRAM:** Big Swing Honda (Sohna Road) - 9773548833; Ganpati Honda - 9910894235; Yume Honda - 9818250011; Malwa Gurugram Honda - 9311980996; **BADSHAHPUR:** Big Swing Honda - 9773548844; **CHAKKARPUR:** Big Swing Honda - 9355990083; **KHANDSA ROAD:** Malwa Gurugram Honda - 9289223507; **PALAM VIHAR GURUGRAM:** Ganpati Honda - 9910894234; **GURUGRAM RAILWAY ROAD:** Ganpati Honda - 9910894233; Yume Honda - 9650186777; **SEC-52 GURUGRAM:** Yume Honda - 8130364222; **SEC-82 GURUGRAM:** Ganpati Honda - 9220309621; **MANESAR:** Ganpati Honda - 9910894239; **PATAUDI:** Yume Honda - 8222840011; **HAYATPUR:** JSS Honda - 9992539657; **FARUKH NAGAR:** JRV Honda - 9211298103; **HODAL:** Mukund Honda - 8168971032; **PALWAL:** Parashar Honda - 7056573100; **SOHNA:** Sohna Honda - 9812872333; **CHANDIGARH:** Krishna Honda - 9855146632; Platinum Honda - 9855155999; **DERABASSI:** Satkar Honda - 8566024511; **MANIMAZRA:** Krishna Honda - 9646744346; **PINJORE:** Sukhija Honda - 8950222250; **ZIRAKPUR:** Platinum Honda - 8725050060; **MOHALI:** Batra Honda - 9875910834; Platinum Honda - 7719619990: **MULLANPUR:** Platinum Honda - 9779996552; **BANUR:** Platinum Honda - 7374071740; **KHARAR:** Batra Honda - 9056709831; **KURALI:** Batra Honda - 9056709833; **BULLOWAL:** Bedi Honda - 8283000673; **AMBALA CANTT:** Auto World Honda - 9996311223; **AMBALA CITY:** S.D. Honda - 9992827777; Samrithi Honda - 9053005600; **MAHESH NAGAR:** Auto World Honda - 9896028089; **NARAINGARH:** SD Honda - 9253388773; **BARARA:** Harmilap Honda - 9416494933; **SAHA:** Milan Honda - 08222000203.

**For Bulk/Institutional enquiries, please write us at: institutionalsales@honda.hmsi.in**

**बिहार एसआईआर : चुनाव आयोग पर डेटा पारदर्शिता न बरतने के लग रहे आरोप**

# विपक्ष का आरोप- मतदाता सूची में बड़े पैमाने पर गड़बड़ी, लाखों का नाम कटा

*बिहार में मतदाता सूची संशोधन (एसआईआर) प्रक्रिया के बाद विपक्षी इंडिया ब्लाक दलों ने जमीनी स्तर पर बड़े पैमाने पर बूथ लेवल वेरिफिकेशन कैंपेन शुरू कर दिया है। राजद से लेकर सीपीआई-एमएल तक सभी दल अपने बूथ लेवल एजेंट्स (बीएलएएस) के जरिए वोटर लिस्ट की जांच में जुटे हैं। विपक्ष का आरोप है कि मतदाता सूची में बड़े पैमाने पर गड़बड़ी हुई है और लाखों लोगों का नाम कट गया है। वहीं, चुनाव आयोग पर डेटा पारदर्शिता न बरतने के आरोप लगाए जा रहे हैं।*

एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली

राजद ने बक्सर से वेरिफिकेशन की शुरुआत की। सांसद सुधाकर सिंह की निगरानी में 30 सितंबर की रात से ही बूथ स्तर पर बीएलएएस को मतदाता सूची सौंप दी गई। सिंह का दावा है कि कई परिवारों में पुरुष सदस्यों के नाम काट दिए गए जबकि महिला सदस्य सूची में मौजूद हैं। उन्होंने यह भी कहा कि एक मतदाता का नाम दो विधानसभा क्षेत्रों रामगढ़ और बक्सर में दर्ज है।

**खास बातें**

- इंडिया ब्लॉक ने शुरू किया बूथ लेवल वेरिफिकेशन कैंपेन
- राजद का दावा करीब 70 लाख मतदाताओं का नाम काटा गया
- सीपीआई-एमएल ने भी जताई कड़ी आपत्ति



### 48 घंटे में आपत्ति दाखिल करेगी आरजेडी

राजद का कहना है कि वोटर लिस्ट मशीन रीडेबल नहीं है। अगर डेटा मशीन रीडेबल होता तो डबल एंट्री, एपिक नंबर के आधार पर जोड़-घटाव और 100 साल से अधिक उम्र वालों के नाम की छंटनी करना आसान होता। सुधाकर ने बताया कि पार्टी ने पिछले तीन महीनों में अपने बीएलएएस को ट्रेनिंग दी थी और अब वे अगले 48 घंटों में यह प्रक्रिया पूरी कर आपत्तियां दाखिल करेंगे।

### 5 लाख अतिरिक्त नाम कहां से आए : यादव

चुनावी विश्लेषक योगेंद्र यादव ने भी चुनाव आयोग पर सवाल उठाए। उनका कहना है कि एसआईआर प्रक्रिया के मूल स्वरूप में बिहार के 1.5 करोड़ मतदाताओं को मताधिकार से वंचित किया जा सकता था। लेकिन सुप्रीम कोर्ट की निगरानी में चुनाव आयोग ने अपनी ही गाइडलाइन बदली और वंशावली क्लॉज के तहत लगभग 77% मतदाताओं को छूट दी।



यादव ने फार्म 6 के जरिए नए नाम जुड़ने पर भी संदेह जताया। उन्होंने कहा कि पिछले एक महीने में नए मतदाताओं की संख्या 16 लाख से बढ़कर 21 लाख हो गई। सवाल यह है कि ये 5 लाख अतिरिक्त नाम कहां से आए।

**दौरे की तारीख आई सामने**

## टैरिफ संकट के बीच 5 से 6 दिसंबर को होगा पुतिन का भारत दौरा

**नई दिल्ली(ब्यूरो)।** यूक्रेन युद्ध के मध्य रूस से जारी कच्चे तेल की खरीद पर अमेरिका द्वारा लगाए गए 50 फीसदी टैरिफ की चुनौती के बीच मौजूदा साल के अंत में होने वाली प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन की मुलाकात की तारीख सामने आ चुकी है।



दिसंबर के पहले सप्ताह में 5 से 6 तारीख के बीच दोनों शीर्ष नेताओं की नई दिल्ली में मुलाकात हो सकती है। मौका होगा भारत-रूस वार्षिक शिखर सम्मेलन का। जिसके लिए रूस के राष्ट्रपति भारत की यात्रा करेंगे। पुतिन की भारत यात्रा से ट्रंप को मिर्ची लगेगी। क्योंकि वो पहले ही रूस से तेल की खरीद को लेकर कड़ी नाराजगी जताते हुए भारत पर न केवल दुनिया में सबसे ज्यादा 50%टैरिफ (जुर्माने का 25% भाग शामिल) लगा चुके हैं। बल्कि ये भी कह चुके हैं कि तेल की खरीद से यूक्रेन युद्ध के बीच नई दिल्ली, मॉस्को को वित्तीय मदद उपलब्ध करा रही है।

# एसबीआई के 'कब्जे' में बिल्ली केरल हाईकोर्ट ने कहा, लौटाओं




एजेंसी ▸▸| कोच्चि

केरल हाईकोर्ट ने स्टेट बैंक ऑफ इंडिया (एसबीआई) के कर्ज वसूली से जुड़े मामले में बैंक को अंतरिम आदेश में कहा, 'बैंक ने कर्जदार का घर सीज किया है, जहां उसकी बिल्ली भी है। बैंक घर की तलाशी ले, बिल्ली मिलती है तो मालिक को लौटाए।' मामला बैंक लोन न चुकाने से जुड़ा है। मामले में अगली सुनवाई 6 अक्टूबर को होगी।

दरअसल, मुहम्मद निशाद चेरथला और उसकी पत्नी ने बैंक से लोन लिया था। बदले में अपना घर गिरवी रखा था, लेकिन वो लोन नहीं चुका पा रहा था। उसने बैंक से लोन चुकाने के लिए और समय मांगा, लेकिन बैंक ने सरफाएसआई एक्ट में उसका घर सीज कर दिया।

### ट्रिब्यूनल ने नहीं की थी मदद

निशाद का पूरा सामान और उसकी बिल्ली भी घर में बंद हो गई। इसके बाद निशाद ने लोन रिकवरी ट्रिब्यूनल (एर्नाकुलम) से मदद मांगी और कार्रवाई रुकवाने को कहा, लेकिन ट्रिब्यूनल ने मदद से इनकार कर दिया। निशाद ने मजिस्ट्रेट कोर्ट में याचिका लगाई। कोर्ट ने एडवोकेट कमिश्नर अपॉइन्ट किया। निशाद को निर्देश दिया कि बैंक को 7.5 लाख का राशि चुकाए, लेकिन निशाद राशि नहीं चुका पाया। इसके बाद निशाद ने केरल हाईकोर्ट का रुख किया। कोर्ट को बताया कि मेरे बच्चे नाबालिग हैं, स्कूल में पढ़ रहे हैं। उनका पढ़ाई का सामान और मेरी बिल्ली घर में बंद हैं।

# ऑपरेशन सिंदूर में सेनाओं की जीत में 'डीएडी' की शांत भूमिका सराहनीय: राजनाथ



राजधानी में बुधवार को रक्षा लेखा विभाग के 278 वें स्थापना दिवस समारोह को संबोधित करते हुए बोले रक्षा मंत्री

हरिभूमि ब्यूरो ▸▸| नई दिल्ली

क्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने बुधवार को ऑपरेशन सिंदूर का एक बार फिर से मजबूती के साथ जिक्र करते हुए कहा कि देश के इस महत्वपूर्ण सैन्य अभियान में सशस्त्र सेनाओं को निर्णायक और ऐतिहासिक जीत दिलाने में रक्षा लेखा विभाग (डीएडी) की शांत लेकिन सराहनीय भूमिका है। जिसमें विभाग ने बलों की वित्तीय रीढ़ के समान उनकी मजबूती, संसाधनों के सर्वोत्तम उपयोग और परिचालन तत्परता को बनाए रखा। यह केवल एक लेखा संगठन नहीं है। बल्कि एक ऐसा सशक्त साधक है। जो देश के आर्थिक चक्र की सुचारू कार्यप्रणाली सुनिश्चित करता है। साथ ही यह वह अदृश्य सेतु है जो वित्त और सशस्त्र बलों को जोड़ता है। राष्ट्रीय शासन और रक्षा मशीनी के सुचारू संचालन के लिए वित्त का स्थिर प्रवाह आवश्यक है। नई दिल्ली में विभाग का 278 वां स्थापना दिवस समारोह आयोजित किया गया था। जिसे रक्षा मंत्री ने संबोधित करते हुए यह जानकारी दी है।

### कांग्रेस अध्यक्ष खरगे अस्पताल में भर्ती

**बेंगलुरु।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे का बुधवार को बेंगलुरु के एक निजी अस्पताल में पेसमेकर ट्रांसप्लांट सफलतापूर्वक किया गया. उनके परिवार ने पुष्टि की है कि वह 3 अक्टूबर से काम पर लौट आएंगे।



मल्लिकार्जुन खरगे के पुत्र एवं कर्नाटक के ग्रामीण विकास, सूचना प्रौद्योगिकी और जैव प्रौद्योगिकी मंत्री प्रियांक खरगे ने इस संबंध में एक मीडिया बयान जारी किया है। सोशल मीडिया पर मंत्री प्रियांक खरगे ने कहा, "खरगे के लिए पेसमेकर ट्रांसप्लांट प्रक्रिया आज सुबह पूरी हो गई।

### जुबिन गर्ग का प्रबंधक, महोत्सव का आयोजक गैर इरादतन हत्या में गिरफ्तार

**गुवाहाटी।** गायक जुबिन गर्ग की पिछले महीने सिंगापुर में मौत होने के सिलसिले में उनके प्रबंधक सिद्धार्थ शर्मा और महोत्सव के मुख्य आयोजक श्यामकानु महंत को बुधवार सुबह दिल्ली से गिरफ्तार किया गया। असम पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि दोनों पर भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की विभिन्न धाराओं के तहत गैर इरादतन हत्या, आपराधिक साजिश और लापरवाही से मौत का मामला दर्ज किया गया है। अपराध अन्वेषण विभाग (सीआईडी) ने महंत के खिलाफ कथित तौर पर आर्थिक अपराधों में शामिल होने और "धन शोधन" के जरिए बेनामी संपत्ति अर्जित करने के आरोप में एक अलग जांच भी शुरू की है। गायक की मौत की जांच कर रही सीआईडी की विशेष जांच टीम (एसआईटी) द्वारा महंत के आवास पर छापेमारी और कई दस्तावेज जब्त करने के बाद एक प्राथमिकी दर्ज की गई।


### राज्यसभा उपसभापति हरिवंश ने जी-20 शिखर सम्मेलन में साझा किए अपने अनुभव, वैश्विक सहयोग का आह्वान

**नई दिल्ली(ब्यूरो)।** राज्यसभा के उपसभापति श्री हरिवंश ने बुधवार को दक्षिण अफ्रीका के क्लेनमंड में आयोजित 11वें जी-20 संसदीय अध्यक्षों के शिखर सम्मेलन (पी-20) के प्रथम कार्यकारी सत्र को संबोधित करते हुए आपदा प्रबंधन और अनुक्रिया क्षमता को मज़बूत बनाने में भारत की उल्लेखनीय प्रगति को रेखांकित किया। उन्होंने जलवायु परिवर्तन के कारण बढ़ती प्राकृतिक आपदाओं से निपटने के लिए वैश्विक स्तर पर ठोस सहयोग और समन्वित कार्रवाई की ज़रूरत पर बल दिया। 'आपदा प्रतिरोधक क्षमता और अनुक्रिया का सुदृढीकरण' विषय पर आयोजित इस सत्र में हरिवंश ने कहा कि भारत ने पिछले दो दशकों में आपदा प्रबंधन के क्षेत्र में संस्थागत ढांचा खड़ा किया है, जिससे देश आज प्राकृतिक आपदाओं से प्रभावी ढंग से निपटने में सक्षम हुआ है। हरिवंश ने अंतरराष्ट्रीय मंचों पर भारत की भूमिका का भी उल्लेख किया। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 2019 में संयुक्त राष्ट्र जलवायु कार्रवाई शिखर सम्मेलन के दौरान आपदा रोधी अवसंरचना गठबंधन (सीडीआरई) की शुरुआत की थी, जो अब कई देशों के सहयोग से वैश्विक स्तर पर आपदा तैयारी और अवसंरचना को मज़बूत कर रहा है। भारत ने सेंडाई फ्रेमवर्क के कार्यान्वयन में भी अग्रणी भूमिका निभाई है।

## मलेशिया में आसियान शिखर सम्मेलन से इतर होगी मोदी-ट्रंप की मुलाकात!

**नई दिल्ली(ब्यूरो)।** टैरिफ की वजह से भारत-अमेरिका संबंधों में जारी तनाव के बीच इस महीने के अंतिम सप्ताह में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के बीच मलेशिया की राजधानी क्वालालम्पुर में 47वें आसियान शिखर सम्मेलन से इतर पहली प्रत्यक्ष मुलाकात हो सकती है। सूत्रों ने बुधवार को बताया कि प्रधानमंत्री मोदी आसियान सम्मेलन में भाग लेने के लिए मलेशिया की यात्रा कर सकते हैं। जिसका आयोजन 26 से 27 अक्टूबर 2025 तक किया जाएगा। इस वर्ष आसियान की मेजबानी मलेशिया कर रहा है। जहां भारत-अमेरिका के शीर्ष नेताओं के बीच होने वाली मुलाकात के दौरान एक द्विपक्षीय बैठक होने की भी बहुत संभावना है। प्रधानमंत्री की मलेशिया यात्रा को लेकर हालांकि अभी तक विदेश मंत्रालय द्वारा आधिकारिक रूप से कोई जानकारी नहीं दी गई है। लेकिन जहां तक इस बैठक के एजेंडे का सवाल है तो दोनों नेताओं के बीच आपसी संबंधों, भारत-अमेरिका व्यापक सामरिक साझेदारी, साझा चिंताओं से जुड़े हुए क्षेत्रीय-वैश्विक मुद्दों के अलावा टैरिफ के मामले पर भी चर्चा की जा सकती है।



## पाक ने कहा- अमेरिका का है प्लान पाकिस्तान का नहीं

# पहले शहबाज-मुनीर को अमेरिका में बुलाकर खिलाया-पिलाया फिर ट्रंप ने बना दिया उल्लू! गाजा प्लान पर बुरा फंस गया पाक

एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने जो गाजा में शांति स्थापित करने के लिए 20 सूत्रीय प्लान पेश किया है। पाकिस्तानी सरकार बहुत खुशी से अमेरिका के हां में हां मिलाते हुए ट्रंप के प्लान को 100 प्रतिशत समर्थन दे दिया। जिसके बाद अब पाकिस्तानी जनता और सरकार दोनों खुद को ठगा महसूस कर रही है। ट्रंप के गाजा शांति प्लान का समर्थन करके पाकिस्तान ने खुद को मुश्किल में डाल लिया है। पीएम शहबाज शरीफ ने ट्रंप प्लान की तारीफ तो कर दी है, लेकिन घर में ही भारी विरोध झेलना पड़ रहा है। सोशल मीडिया पर लोग इसे फिलिस्तीन के साथ बेवफाई बता रहे हैं, जबकि विपक्षी नेता इसे पाक नीति का उलटफेर कह रहे हैं। जिसके बाद पाकिस्तानी सरकार अब सफाई दे रही है। रिपोर्ट के मुताबिक, विदेश मंत्री इशाक डार ने मंगलवार को जोर देकर कहा कि गाजा पर अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की 20-सूत्रीय यो ज ना हमारा दस्तावेज नहीं है।

डार ने कहा कि हमने एक मुस्लिम देश होने के नाते और गाजा के लोगों के प्रति प्रेम होने के नाते हमने ट्रंप के प्लान के लिए कुछ सुझाव भेजे थे, जिसमें तात्कालिक उद्देश्य युद्धविराम सुनिश्चित करना, रक्तपात रोकना, मानवीय सहायता का प्रवाह जारी रखना और जबरन विस्थापन को समाप्त करना था। यानी यह प्लान पाकिस्तान का नहीं, पूरी तरह से ट्रंप का है। सबसे बड़ी बात डार ने यह बताई कि इस प्लान में पाकिस्तान की तरफ से भेजे गए सभी सुझाव अमेरिका ने माने भी नहीं हैं। डार ने आगे बताया कि हमारे साथ अन्य आठ देशों ने पिछले हफ़्ते न्यूयॉर्क में ट्रंप के साथ बैठक की थी। उन सभी का मकसद एक था कि कैसे गाजा में शांति आए। तभी तो मुस्लिम नेताओं की ट्रंप के साथ बैठक संयुक्त राष्ट्र महासभा सत्र के इतर हुई थी। जहां अमेरिकी राष्ट्रपति ने गाजा में इज़राइली हमले को समाप्त करने की अपनी योजना पर चर्चा की थी। इस बैठक में पाकिस्तान, सऊदी अरब, कतर, संयुक्त अरब अमीरात, मिस्र, जॉर्डन, तुर्की



**पाकिस्तान के सभी सुझाव अमेरिका ने नहीं माने**

## मुस्लिम दुनिया ने पूरी तरह आत्मसमर्पण कर दिया

पूर्व राजनयिक अब्दुल बासित ने कहा कि मुस्लिम दुनिया ने पूरी तरह आत्मसमर्पण कर दिया है। उन्होंने चेतावनी दी कि फिलिस्तीन राष्ट्र की स्थापना से पहले अब्राहम समझौते में शामिल होना पाकिस्तान के लिए भारी भूल होगी। मजलिस वहदत-ए-मुस्लिमीन के नेता अल्लामा राजा नासिर ने योजना को त्रुटिपूर्ण और अन्यायी बताया। उन्होंने कहा कि यह योजना फिलिस्तीनियों की राय को दरकिनार कर अमेरिकी और इजरायली हितों को आगे बढ़ाती है। मानवाधिकार कार्यकर्ता इमान जैनब मजारी ने कहा, फिलिस्तीन मुद्दे पर पाकिस्तान की जनता एकमत है। प्रधानमंत्री का यह कदम देश की ऐतिहासिक स्थिति से विश्वासघात है। लेखिका फातिमा भुट्टो ने कहा कि पाकिस्तान का इजरायल से सामान्य संबंध स्थापित करना नैतिक और धार्मिक कर्तव्य से पलायन है। उन्होंने लिखा, पाकिस्तानी जनता कभी दो-राष्ट्र नीति के सरेंडर को स्वीकार नहीं करेगी। केवल एक फिलिस्तीन है और वह इजरायल के कब्जे में है।

### जमकर हो रही आलोचना

*लोग कह रहे हैं कि वाशिंगटन को खुश करने के चक्कर में पाकिस्तान ने फिलिस्तीन का साथ छोड़ दिया है। पाक जनता ट्रंप प्लान समर्थन को 'धोखा' बता रही, शहबाज को गद्दार ठहरा रही है। कुल मिलाकर समर्थन देने से पाकिस्तान को घरेलू राजनीति में झटका लगा है। ये विरोध इतना तेज है कि सरकार की छवि खराब हो रही है और फिलिस्तीन समर्थक इसे पाकिस्तान सरकार की बहुत बड़ी गलती बता रहे हैं।*

### पाकिस्तान में मचा बवाल

*इसके बाद एक संयुक्त प्रेस कॉन्फ्रेंस में ट्रंप ने जब नेतन्याहू की 20-सूत्रीय योजना पर सहमति की घोषणा की और विशेष रूप से प्रधानमंत्री शहबाज और सेना प्रमुख असीम मुनीर को उनके समर्थन के लिए धन्यवाद दिया तो पाकिस्तान में बवाल मच गया। सोशल मीडिया पर लोगों ने खूब विरोध किया है। पाकिस्तानी यूजर्स ने ट्रंप के प्लान का जमकर विरोध किया है। इसे इजरायल को वैधता देने वाला बताया है।*

## नहीं तो अंजाम भुगतेगा हमास — डोनाल्ड ट्रंप ने हमास को दिया 3-4 दिनों का अल्टीमेटम

इजराइल और हमास के बीच पिछले दो साल से युद्ध की स्थिति है लेकिन अब उसके थमने की उम्मीद नजर आ रही है। इसकी वजह यह है कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की तरफ से गाजा में शांति के लिए 20 सूत्री प्लान बनाया गया है और इस प्लान को इजरायली पीएम बेंजामिन नेतन्याहू ने भी सहमति जता दी। दूसरी ओर ट्रंप ने 20 सूत्री कार्यक्रम जारी करने के बाद हमास पर प्रस्ताव मानने का दबाव बढ़ा दिया। दरअसल, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने आज बड़ा बयान दिया। उन्होंने कहा कि हमास के पास उनके गाजा शांति प्रस्ताव पर जवाब देने के लिए लगभग तीन से चार दिन हैं, अन्यथा इसके गंभीर परिणाम होंगे। ट्रंप ने व्हाइट हाउस से निकलते समय पत्रकारों से बातचीत की और कहा कि इजरायली और अरब देशों के नेता इस शांति वाली योजना को स्वीकार चुके हैं और अब केवल हमास की प्रतिक्रिया का इंतजार है। डोनाल्ड ट्रंप ने हमास को चेतावनी देते हुए कहा कि हमास या तो इसे स्वीकार करेगा या नहीं, और अगर नहीं, तो इसका परिणाम बहुत ही दुखद होगा। अमेरिका राष्ट्रपति ने इस दौरान कहा कि इस शांति योजना पर अधिक बातचीत की गुंजाइश नहीं है। उन्होंने इसे जल्द लागू करने का दबाव डालते हुए कहा कि हमास को या तो इसे स्वीकार करना होगा या गंभीर परिणाम भुगतने होंगे। डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि अगर यह कारगर रहा तो हम 8 महीनों में आठ युद्धों को रोकने में सफल रहे हैं। यह बहुत अच्छी बात है।



## हमास की अकड़ के चलते हो रहे हमले — शांति प्रस्ताव के बीच इजराइल ने गाजा में बरपाया कहर, 31 की मौत

इजराइल द्वारा मंगलवार को गाजा पट्टी पर किये गए हमले में कम से कम 31 फिलिस्तीनी मारे गए। स्थानीय अस्पताल ने यह जानकारी दी। इस बीच, गाजा में लगभग दो साल से चल रहे युद्ध को समाप्त करने के उद्देश्य से अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की शांति योजना पर सवाल उठने लगे हैं। हमास ने घोषणा की कि वह किसी निर्णय पर पहुंचने से पहले समूह के सदस्यों और अन्य फलस्तीनी गुटों के साथ प्रस्ताव की समीक्षा करेगा। स्थानीय अस्पतालों के अनुसार, इजरायली सेना की कार्रवाई में मंगलवार को कम से कम 31 फिलिस्तीनी मारे गए। अल-अवदा अस्पताल ने बताया कि इजराइली सैनिकों की गोलीबारी में इससे पहले 17 फिलिस्तीनी मारे गए और 33 अन्य घायल हो गए थे। उसने बताया कि यह घटना तब हुई जब पीड़ित नेत्जारिम में मानवीय सहायता प्राप्त करने का प्रयास कर रहे थे। नेत्ज़ारिम इजरायली नियंत्रण वाला गलियारा है जो उत्तरी और दक्षिणी गाजा को विभाजित करता है। दक्षिणी शहर खान यूनिस के नसेर अस्पताल ने बताया कि एक अन्य हमले में एक व्यक्ति, उसकी सात महीने की गर्भवती पत्नी और उनके छोटे बच्चे की मौत हो गई। इजरायली सेना ने गोलीबारी या हमलों पर तुरंत कोई प्रतिक्रिया नहीं दी है। उसने एक बयान में कहा कि पिछले 24 घंटों में उसके सैनिकों ने कई सशस्त्र आतंकवादियों को मार गिराया और हथियार भंडारण सुविधाओं और निगरानी चौकियों सहित हमास के बुनियादी ढांचे के 160 से ज़्यादा ठिकानों पर हमला किया है।



## अमेरिका में अचानक हुआ शटडाउन, समर्थन नहीं जुटा

# अमेरिका में फंड खत्म विकास के काम बंद!

*अमेरिका में हर साल 1 अक्टूबर से नया वित्तीय वर्ष शुरू होता है*

एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन

अमेरिका में अचानक सरकारी काम-काज ठप (गवर्नमेंट शटडाउन) होने से लाखों सरकारी कर्मचारी घर बैठ गए हैं और विकास के काम रुक गए हैं। यह संकट फंड की कमी के कारण आया है, जो सीधे तौर पर अमेरिकी कांग्रेस में उपजे राजनीतिक गतिरोध का परिणाम है। हर साल, नए वित्तीय वर्ष के लिए फंडिंग बिल पास करना ज़रूरी होता है। इस बार, रिपब्लिकन और डेमोक्रेट्स स्वास्थ्य सेवा जैसे अहम मुद्दों पर खर्च को लेकर सहमत नहीं हो पाए। दोनों पक्षों की राजनीतिक ज़िद ने बिल को पास नहीं होने दिया। जिसके चलते सरकार के पास खर्च के लिए कानूनी अनुमति नहीं बची। अमेरिका में सरकारी काम-काज बंद (गवर्नमेंट शटडाउन) होने का मुख्य कारण फंड की कमी है, जो दरअसल अमेरिकी कांग्रेस (संसद) में डेमोक्रेट्स और रिपब्लिकन पार्टियों के बीच बजट को लेकर गहरे राजनीतिक गतिरोध का नतीजा है। अमेरिका में हर साल 1 अक्टूबर से नया वित्तीय वर्ष शुरू होता है। सरकार को काम जारी रखने के लिए इस तारीख से पहले कांग्रेस को फंडिंग बिल या एक अल्पकालिक व्यय विधेयक पास करना होता है। इस बार, दोनों प्रमुख पार्टियों के बीच खर्च और नीतियों को लेकर असहमति थी और वे समय पर किसी समझौते पर नहीं पहुंच पाए।

**रिपब्लिकन को 60 वोट चाहिए थे लेकिन 55 वोट मिले**

**कांग्रेस को अल्पकालिक व्यय बिल पास करना जरूरी**



### ट्रंप का सख्त रुख

राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने डेमोक्रेट्स पर करारा हमला बोला। व्हाइट हाउस बैठक के बाद उन्होंने सोशल मीडिया पर विपक्ष का मज़ाक उड़ाते हुए कहा कि वे चुनाव भारी अंतर से हार गए और अब भी नहीं बदले। हालांकि, राजनीतिक दबाव और संभावित नुकसान को देखते हुए अब ट्रंप पर बैकफुट आने का दबाव बढ़ता जा रहा है। विशेषज्ञों का कहना है कि अगर ट्रंप सख्त रुख पर अड़े रहे, तो जनता की नाराज़गी सीधे उन पर फूट सकती है।

### ट्रंप बोले- हम अमीर होते जा रहे

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि उनका फेवरेट शब्द 'टैरिफ' है। उन्होंने कहा कि अंग्रेजी शब्दकोष में उनका पसंदीदा शब्द टैरिफ है, ट्रंप ने इसे सबसे सुंदर शब्द बताया और अमेरिका को समृद्ध बनाने का श्रेय टैरिफ को दिया। क्वांटिको स्थित मरीन कॉर्प्स बेस पर बोलते हुए ट्रंप ने कहा, मुझे टैरिफ बहुत पसंद हैं। मेरा पसंदीदा शब्द टैरिफ है। इसकी वजह से हम बहुत अमीर बन रहे हैं। उन्होंने तर्क दिया कि दूसरे देश वर्षों से अमेरिका का फायदा उठा रहे हैं लेकिन टैरिफ ने व्यापार में निष्पक्षता बहाल की है। डोनाल्ड ट्रंप ने यह भी कहा कि उनके द्वारा हस्ताक्षरित पहले कार्यकारी आदेशों में से एक योग्यता के सिद्धांत को बहाल करने के लिए था और इसे टैरिफ के अलावा सबसे महत्वपूर्ण शब्द बताया। उन्होंने आगे कहा कि अमेरिका ने टैरिफ से खरबों डॉलर कमाए हैं और फिर से अमीर हो गया है। ट्रंप ने कहा कि दूसरे देश वर्षों से अमेरिका का फायदा उठा रहे हैं।

#### मांगे मानने को तैयार नहीं थे रिपब्लिकन

गतिरोध का मुख्य केंद्र बिंदु स्वास्थ्य सेवा सब्सिडी और कुछ सामाजिक कार्यक्रम थे। डेमोक्रेट्स चाहते थे कि अस्थायी फंडिंग बिल में ओबामा केयर की खत्म हो रही सब्सिडी को स्थायी रूप से बढ़ाया जाए और हाल ही में हुई कुछ स्वास्थ्य देखभाल कटौती को वापस लिया जाए। रिपब्लिकन इन मांगों को अस्वीकार कर रहे थे और उनका तर्क था कि फंडिंग बिल को नीतियों से अलग रखा जाना चाहिए।

## फिलीपींस में सो रहे थे लोग, तभी भूकंप आया और 69 की मौत

**मनीला।** फिलीपींस के केंद्रीय प्रांत में मंगलवार देर रात आए 6.9 तीव्रता के भूकंप ने भारी तबाही मचाई। भूकंप के झटके इतने तेज थे कि घरों और इमारतों की दीवारें ढह गईं, जिसकी चपेट में आकर कम से कम 69 लोगों



की मौत हुई है कई अन्य घायल हो गए। फिलीपींस के एक बड़े हिस्से में भूकंप के बाद बिजली आपूर्ति भी ठप हो गई और लोग अंधेरे में घरों से बाहर निकल आए। भूकंप का केंद्र 90 हजार की आबादी वाले सेबू प्रांत के तटीय शहर बोगो से करीब 19 किलोमीटर उत्तर-पूर्व में जमीन के पांच किलोमीटर नीचे था।

### मोदी ने दुख जताया

पीएम नरेंद्र मोदी ने हादसे पर दुख जताते हुए कहा की दुख की घड़ी भारत फिलीपींस के साथ खड़ा है।

**बोर्ड ने नकवी को 72 घंटे का समय दिया**

## हार के बाद भी ट्रॉफी पर कब्जा जमाने वाले नकवी पर निशाना

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत ने मैदान में पसीना बहाकर एशिया कप 2025 जीता, लेकिन ट्रॉफी पर कब्ज़ा जमा बैठे हैं मोहसिन नकवी! एशियन क्रिकेट काउंसिल के चीफ पर सनसनीखेज़ आरोप है कि उन्होंने विजेता टीम को ट्रॉफी सौंपने की बजाय उसे होटल ले जाकर 'हथिया' लिया। यह हरकत ना सिर्फ खेल भावना के खिलाफ है, बल्कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर क्रिकेट की साख पर भी सवाल खड़े कर रही है। बीसीसीआई इस बेशर्मी से तिलमिलाई हुई है और अब दुबई पुलिस में चोरी का मामला दर्ज करवाने पर गंभीरता से विचार कर रही है। सवाल अब ये खड़ा होता है कि क्या एशिया कप की ट्रॉफी अब खेल का सम्मान है या सियासी मोहरा बन चुका है जहां व्यक्तिगत अहम्-एक दूसरे पर भारी पड़ रहा है। भारत के फाइनल जीते अब 72 घंटे से ज़्यादा हो चुके हैं और मोहसिन नकवी ने ना तो ट्रॉफी भारत को सौंपी है और ना ही उसको एशियन क्रिकेट काउंसिल के दफ़्तर भेजा हैं। मंगलवार को एसीसी की बैठक में ज़ोर-शोर से ये विवाद उठा और कई देशों के प्रतिनिधियों ने इसका विरोध भी किया पर मोहसिन नकवी अपनी ज़िद पर अड़े रहे और ट्राफ़ी उनके होटल के कमरे में पड़ी रही।




**हरियाणा सरकार — निविदा सूचना**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | एचवीपीएनएल | 220 केवी सब स्टेशन रेवाड़ी में 40/50 एमवीए 132/33 केवी टी/एफ सहित 20/25 एमवीए 132/33 केवी टी/एफ का संवर्धन। | 26.09.2025 23.10.2025 | रु.10,20,360/- | www.hvpn.org.in | 0172-2583789 pro@hvpn.org.in |
| 2 | एचवीपीएनएल | 220 केवी बावल से 132 केवी एचएसआईआईडीसी बावल तक एम/सी लाइन के लिए 04 अदद बेज, नई 132 केवी लाइंस को अकोमोडेट करने के लिए 220 केवी सब स्टेशन आईएमटी बावल में 5 अदद 132 केवी एआईएस लाइन बेज की रचना। | 29.09.2025 27.10.2025 | रु.23,34,613/- | www.hvpn.org.in | 0172-2583789 pro@hvpn.org.in |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद-13/2026/40/39186/I/88/6 दि. 01.10.25

**हरियाणा सरकार — निविदा सूचना**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | एलयूवीएएस, हिसार | फीड सामग्री (अर्थात मक्का, गेहूं, जौ, सरसो खल, सोयाबीन मील, फिश मील, डिऑयल्ड राइस पॉलिश और शैल ग्रिट (हिसार) की खरीद। | 27.09.2025 17.10.2025 | रु.2,08,00,000/- | www.luvas.edu.in | 1662256118 hcd.ann@luvas.edu.in |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद-13/2026/40/39185/I/88/6 दि. 01.10.25

**हरियाणा सरकार — निविदा सूचना**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | नगर परिषद नारनौल | एम.सी. नारनौल में वार्ड नं. 30 में विभिन्न स्थानों पर मरम्मत और पैच वर्क + 13 कार्य। | 29.09.2025 06.10.2025 | 1,09,40,696/- | https://etenders.hry.nic.in | 9255126426 [illegible] |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद-13/2026/40/39210/I/88/6 दि. 01.10.25


## सेना ने भीड़ पर कर दी फायरिंग 10 की हुई मौत,100 हुए घायल

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) में सरकार के खिलाफ हिंसक प्रदर्शन जारी है। इसे रोकने के लिए सिक्योरिटी फोर्सेज ने बुधवार को निहत्थे लोगों पर फायरिंग की। इसमें 8 लोगों की मौत हो गई, जबकि 100 से ज्यादा लोग घायल हैं। तीन दिन जारी इन प्रदर्शनों में अब तक 10 लोग मारे जा चुके हैं। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, आज बाघ जिले के धीरकोट में 4 लोग मारे गए, मुजफ्फराबाद में 2 और मीरपुर में 2 मौतें हुईं। ये प्रदर्शन जम्मू-कश्मीर जॉइंट अवामी एक्शन कमेटी की अपील पर हो रहे हैं। प्रदर्शनकारी सरकार पर मौलिक अधिकारों की अनदेखी और महंगाई कंट्रोल न कर पाने का आरोप लगा रहे हैं। लोगों का हुजूम आज पीओके की राजधानी मुजफ्फराबाद की तरफ मार्च कर रहा है।


**आर्य प्रतिनिधि सभा हरियाणा दयानन्दमठ रोहतक**

**कोलेजियम चुनाव-कार्यक्रम**

| क्रमांक | कार्य का विवरण | दिनांक | समय |
|---|---|---|---|
| 1. | नामांकन फार्म वितरण एवं नामांकन फार्म भरना निर्धारित नामांकन फीस 2000/- रु० (वापिस न होने वाली) जमा करना | 06.10.2025 | 10.00 से 04.00 बजे तक |
| 2. | चुनाव लड़ने वाले प्रार्थी सदस्यों की सूची जारी करना | 06.10.2025 | सायं 5 बजे तक |
| 3. | नामांकन पत्रों की जांच एवं वैध व अवैध पाए गए नामांकन पत्रों की सूची जारी करना | 07.10.2025 | सायं 5 बजे तक |
| 4. | नामांकन वापिस लेना | 08.10.2025 | 10.00 से 04.00 बजे तक |
| 5. | चुनाव लड़ने वाले सदस्यों की अन्तिम सूची जारी करना | 08.10.2025 | सायं 5 बजे तक |
| 6. | चुनाव चिह्न आवंटन करना | 09.10.2025 | 10.00 से 02.00 बजे तक |
| 7. | कोलेजियम चुनाव/मतदान | 17.10.2025 | 09.00 से 03.00 बजे तक |
| 8. | मतगणना | 17.10.2025 | मतदान के तुरन्त बाद |
| 9. | चुनाव परिणाम जारी करना | 17.10.2025 | मतगणना के तुरन्त बाद |
| 10. | विजयी उम्मीदवारों की सूची जारी करना | 17.10.2025 | कार्य पूरा होने के पश्चात |

नोट :
1. कोलेजियम सूची सभा की बेवसाइट www.apsharyana.org पर उपलब्ध है।
2. चुनाव के लिए सभा द्वारा जारी किए गए पहचान-पत्र अवश्य साथ लाएं जो पहचान-पत्र साथ लायेगा उसी का मतदान करवाया जाएगा।
3. यदि किसी मतदाता को पहचान-पत्र नहीं मिला या गुम हो गया है उस सूरत में उसके पास मूल रूप में चुनाव आयुक्त (भारत सरकार) से जारी पहचान-पत्र, ड्राइविंग लाइसेंस या आधारकार्ड इनमें से कोई एक साथ लाएं।
4. नामांकन फार्म के साथ फीस की मूल प्रति संलग्न करना अनिवार्य है।
5. उपरोक्त सभी कार्यों का कार्य स्थल- सभा कार्यालय दयानन्दमठ रोहतक होगा।

हस्ता/- (धर्मवीर सेनी), चुनाव अधिकारी

**हरियाणा सोसायटी एक्ट-2012 के अनुसार**
**आर्य प्रतिनिधि सभा हरियाणा दयानन्दमठ रोहतक**

**त्रिवार्षिक चुनाव के लिए पदाधिकारियों एवं कार्यकारिणी सदस्यों के चुनाव सम्बन्धी निर्धारित समय-सारणी**

| क्र० | विषय | दिनांक | समय |
|---|---|---|---|
| 1. | नामांकन पत्र भरना नामांकन फीस 4000/- रु० (Non-refundable) स्थान: सभा कार्यालय दयानन्दमठ रोहतक नामांकन फार्म के साथ फीस की मूल रसीद संलग्न करें। | 05.11.2025 | प्रातः 10 से 4 बजे तक |
| 2. | नामांकन पत्रों की जांच | 05.11.2025 | सायं 5 बजे तक |
| 3. | चुनाव लड़ने वाले उम्मीदवारों की सूची जारी करना | 05.11.2025 | सायं 5 बजे |
| 4. | नामांकन पत्र वापिसी | 07.11.2025 | प्रातः 10 से 4 बजे तक |
| 5. | चुनाव लड़ने वाले सदस्यों की अन्तिम सूची | 07.11.2025 | सायं 4 बजे तक |
| 6. | चुनाव चिह्न आवंटित करना | 08.11.2025 | प्रातः 10 से 3 बजे तक |
| 7. | पदाधिकारियों एवं कार्यकारिणी सदस्यों के मतदान की तिथि स्थान : सभा कार्यालय दयानन्दमठ रोहतक | 16.11.2025 | प्रातः 11 से 4 बजे तक |
| 8. | वोटों की गिनती | 16.11.2025 | मतदान के तुरन्त बाद |
| 9. | परिणाम की घोषणा | 16.11.2025 | मतगणना के तुरन्त बाद |
| 10. | विजयी उम्मीदवारों की सूची | 16.11.2025 | परिणाम के तत्पश्चात |
| 11. | विजयी उम्मीदवारों को प्रमाण-पत्र | 18.11.2025 | प्रातः 11 बजे |

नोट :
1. चुनाव लड़ने वाले इच्छुक उम्मीदवारों को कोलेजियम के 105 सदस्यों में से एक सदस्य द्वारा फार्म को सत्यापित करना आवश्यक होगा।
2. चुनाव के लिए सभा द्वारा जारी किए गए पहचान-पत्र अवश्य साथ लाएं जो पहचान-पत्र साथ लायेगा उसी का मतदान करवाया जाएगा।
3. यदि किसी मतदाता को पहचान-पत्र नहीं मिला या गुम हो गया है उस सूरत में उसके पास मूल रूप में चुनाव आयुक्त (भारत सरकार) से जारी चुनाव पहचान-पत्र, ड्राइविंग लाइसेंस या आधारकार्ड इनमें से कोई एक साथ अवश्य लाएं।

हस्ता/- (धर्मवीर सैनी)
चुनाव अधिकारी

**उत्तर रेलवे**

**ई-निविदा**

**खुली निविदा संख्या 33-अम्बाला/2025-26 दिनांक 01.10.2025**

वरिष्ठ मंडल अभियंता-समन्वय/अम्बाला के द्वारा भारत के राष्ट्रपति की ओर से ई-निविदा के माध्यम से इच्छुक ठेकेदारों से निम्न लिखित कार्यों हेतु खुली निविदायें आमंत्रित की जाती है जो कि उन कार्यों के सामने दी गयी तिथि को 15:00 बजे तक खुली रहेगी और उसके बाद खोली जाएगी।

| क्र. सं. | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (Rs.) | अग्रिम राशि (Rs.) | कार्य समाप्ति का समय | निविदा खुलने की तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | एडीईएन-बीटीआई के खंड में एसएसई/डब्ल्यू/एबीएस के तहत बीटीआई-एसजीएनआर खंड पर स्टेशन, सेवा भवन में जलापूर्ति बढ़ाने के लिए जीडीबी, बीएचएक्स, पीजेके में पीवीसी टैंक के साथ जल स्तर की मरम्मत। | 64,35,594 | 1,28,700 | 06 महीने | 24.10.2025 |
| 2 | एडीईएन/बीटीआई के खंड में बीटीआई-एसजीएनआर खंड पर एचएमके, एफटीएच, बीएचएक्स, केटीपीके, बीएफई, बीडब्ल्यूएक्स, बीकेडब्ल्यूए, एफएसआर, केएलडब्ल्यूएल, एमओपीआर, ओआरके स्टेशनों पर दिव्यांगजन सुविधाओं की मरम्मत तथा केटीपीके, बीएफई, बीकेडब्ल्यूए, बीडब्ल्यूएक्स, केएलडब्ल्यूएल, एफएसआर स्टेशन पर खराब हो चुकी जलापूर्ति पाइप लाइनों, पहुंच पथों, छोटे प्लेटफार्म शेल्टरों की मरम्मत। | 69,37,424 | 1,38,800 | 06 महीने | 24.10.2025 |
| 3 | सीनियर डीईएन-II. यूएमबी के सेक्शन में 25.396 टीआरआर (एस) और 24.585 टीकेएम के सीटीआर (एस) के संबंध में एडीईएन/बीटीआई और एडीईएन/पीटीए के सेक्शन में मोबाइल फ्लैश बट वेल्डिंग प्लांट के साथ साइट पर रेल की वेल्डिंग और सीनियर डीईएन-I और III के सेक्शन में एमएफबीडब्ल्यूपी के साथ एसडब्ल्यूआर से एलडब्ल्यूआर में लूप लाइन का रूपांतरण। | 3,98,89,578 | 3,49,500 | 18 महीने | 24.10.2025 |
| 4 | (i) एडीईएन/पीटीए के अधीन एलडीएच-डीयूआई खंड पर एएचएच-केयूपी के बीच किमी 28/1-2 पर पुल संख्या 71 (3x8.54 मीटर, 2x3.35 मीटर) के स्टील गर्डरों को पीएससी स्लैब के साथ बदलने के लिए संरचनात्मक ड्राइंग की आपूर्ति के साथ पुल उप-संरचना की जैकेटिंग। (ii) एडीईएन/पीटीए के अधीन जेएचएल-एचएसआर खंड पर जेपीएस-यूकेएन के बीच किमी 21.773 पर पुल संख्या 19-ए (5x6.10 मीटर) के स्टील गर्डरों को पीएससी स्लैब के साथ बदलने के लिए संरचनात्मक ड्राइंग की आपूर्ति के साथ पुल उप-संरचना की जैकेटिंग। | 1,24,38,580 | 2,12,200 | 08 महीने | 24.10.2025 |
| 5 | सीनियर डीईएन/II/यूएमबी अनुभाग में सीटीआर (पी) 44.56 किमी., ठेकेदारों की अपनी SQRS मशीन के साथ। | 7,13,34,125 | 5,06,700 | 18 महीने | 24.10.2025 |
| 6 | जेयूडीडब्ल्यू के स्टोर डिपो में विभिन्न स्थानों पर आवश्यक रेलवे सामग्री के उचित ढेर लगाने के लिए आरसीसी फर्श का कार्य है। | 1,98,48,458 | 2,49,300 | 06 महीने | 24.10.2025 |
| 7 | खरड़ रेलवे स्टेशन पर 03 मीटर चौड़े एफओबी का प्रावधान। | 1,73,85,401 | 2,36,900 | 06 महीने | 24.10.2025 |

नोट :- 1. ठेकेदार को शर्तों के अनुसार निविदा योग्यता पूरी करने हेतु सभी जरूरी सम्बंधित डॉक्यूमेंटों के स्कैनिंग कॉपी को रेलवे वेबसाइट IREPS पर अपलोड करनी जरूरी है। 2. अग्रिम राशि ऑन लाइन पेमेन्ट नेट बैंकिंग/गेटवे पेमेंट के द्वारा ही स्वीकार्य होंगे। 3. निविदा की विस्तृत जानकारी हेतु रेलवे वेबसाइट www.ireps.gov.in पर लोग ऑन करें। 4. ठेकेदार को ई-निविदा में भागीदारी हेतु (क्लास-III) डिजिटल सिगनेचर सार्टिफिकेट द्वारा लोग ऑन करना होगा। 5. जी. एस. टी. एक्ट 2017 के अनुसार लागू होगी।

3054/25

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

पीएम नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में बुधवार को केंद्रीय मंत्रिमंडल ने लिए कई फैसले

# दालों में 'आत्मनिर्भरता' के लिए 11,440 करोड़ की योजना मंजूर

किसानों को 126 लाख क्विंटल प्रमाणित बीज वितरित करेंगे

घरेलू उत्पादन बढ़ेगा और देश की आत्मनिर्भरता सुनिश्चित होगी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

पीएम नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में बुधवार को केंद्रीय मंत्रिमंडल ने कई अहम फैसले लिए। इसकी जानकारी देते हुए सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बताया कि भारत, दुनिया के सबसे बड़े दाल उत्पादकों और उपभोक्ताओं में से एक है। 2024 के भाजपा घोषणापत्र में दालों के लिए एक मिशन बनाने की बात कही गई थी और हम आत्मनिर्भरता हासिल करने और आयात में कटौती के लिए 11,440 करोड़ रुपए का मिशन शुरू कर रहे हैं। इस पहल का उद्देश्य बेहतर बीजों के साथ उत्पादकता में सुधार, खेती को 275 लाख हेक्टेयर से बढ़ाकर 310 लाख हेक्टेयर करना और खेती से लेकर भंडारण तक पूरी मूल्य श्रृंखला को मजबूत करना है। इसका लक्ष्य उपज को 881 किलो से बढ़ाकर 1,130 किलो प्रति हेक्टेयर करना है, जिससे उत्पादन में बढ़ोतरी और आत्मनिर्भरता सुनिश्चित होगी। घरेलू उत्पादन को बढ़ावा देने और दालों में आत्मनिर्भरता हासिल करने के उद्देश्य से इस ऐतिहासिक पहल को 2025-26 से 2030-31 तक छह वर्षों की अवधि में क्रियान्वित किया जाएगा।

## 88 लाख बीज किट निःशुल्क वितरित की जाएंगी



प्रमाणित बीजों से 2030-31 तक 370 लाख हेक्टेयर क्षेत्र में खेती होगी। मिशन का उद्देश्य चावल की फसल केंद्रित भूमि के स्थान पर दलहनों के क्षेत्रफल को 35 लाख हेक्टेयर तक बढ़ाना है, जिसमें अंतर-फसलीय खेती और फसल विविधीकरण को बढ़ावा दिया जाएगा। इसके लिए किसानों को 88 लाख बीज किट निःशुल्क वितरित की जाएंगी। इस मिशन से 2030-31 तक दलहनों का क्षेत्रफल 310 लाख हेक्टेयर तक बढ़ने, उत्पादन 350 लाख टन तक बढ़ने और उपज 1130 किलो/ हेक्टेयर तक पहुंचने की उम्मीद है।

## काजीरंगा से होकर 4 लेन वाले नए हाईवे को मंजूरी

केंद्रीय कैबिनेट ने असम में कलियाबोर-नुमालिगढ़ राष्ट्रीय राजमार्ग-715 के 86 किमी हिस्से को चार लेन बनाने की मंजूरी दी है। 85.675 किलोमीटर लंबी इस परियोजना को 6,957 करोड़ रुपए की लागत से इंजीनियरिंग, प्रोक्योरमेंट और कंस्ट्रक्शन (ईपीसी) मोड में डेवलप किया जाएगा। इस परियोजना से लगभग 15.42 लाख व्यक्ति/ प्रतिदिन का प्रत्यक्ष और 19.19 लाख व्यक्ति/ प्रतिदिन का अप्रत्यक्ष रोजगार सृजित होगा।

## बायोमेडिकल रिसर्च करिअर प्रोगाम मंजूर

सरकार ने 'बायोमेडिकल रिसर्च करिअर प्रोग्राम' (फेज-3) को भी हरी झंडी दी है। योजना पर 1,500 करोड़ खर्च किए जाएंगे। इसका उद्देश्य मेडिकल और वैज्ञानिक शोध को बढ़ावा देना है। यह कार्यक्रम जैव प्रौद्योगिकी विभाग (डीबीटी) और वेलकम ट्रस्ट (डब्ल्यूटी), ब्रिटेन और एसपीवी, इंडिया अलायंस के बीच तीसरे चरण (2025-26 से 2030-31 तक) और अगले छह वर्षों (2031-32 से 2037-38 तक) के लिए साझेदारी में कार्यान्वित किया जा रहा है। इसका उद्देश्य 1,500 करोड़ रुपए की कुल लागत से 2030-31 तक स्वीकृत फेलोशिप और अनुदान प्रदान करना है।

दिल्ली सरकार का बड़ा ऐलान

# अब राजधानी के स्कूलों पढ़ाई जाएगी 'राष्ट्रनीति', आरएसएस पर भी होगा चैप्टर

पाठ्यक्रम में 1925 में केशव बलिराम हेडगेवार द्वारा आरएसएस की स्थापना, उसकी विचारधारा से लेकर केदारनाथ, बिहार बाढ़ और कोविड-19 महामारी सहित समाज सेवा-राहत कार्यों में उसके कार्यकर्ताओं की भूमिका पर अध्याय शामिल होंगे।

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

दिल्ली में छात्रों के पाठ्यक्रम में जल्द ही राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के बारे में भी पढ़ाया जाएगा। दिल्ली सरकार के स्कूलों के छात्र जल्द ही 'राष्ट्रनीति' नामक एक नए कार्यक्रम के तहत स्वतंत्रता सेनानियों और लोकतांत्रिक मूल्यों के साथ-साथ आरएसएस का भी अध्ययन करेंगे। 18 सितंबर को नमो विद्या उत्सव के दौरान सीएम रेखा गुप्ता और शिक्षा मंत्री सूद द्वारा शुरू किया गया 'राष्ट्रनीति' कार्यक्रम, दिल्ली के सभी सरकारी स्कूलों में किंडरगार्टन से 12वीं कक्षा तक लागू किया जा रहा है। दिल्ली के शिक्षा मंत्री आशीष सूद ने मंगलवार को इसकी पुष्टि की। उन्होंने कहा कि पाठ्यक्रम को अभी अंतिम रूप दिया जा रहा है और उसमें आरएसएस पर पाठ शामिल होंगे। आरएसएस के महत्वपूर्ण नेता और सामाजिक गतिविधियों के साथ ही उसका इतिहास भी पाठ्यक्रम का हिस्सा होंगे। ड्राफ्ट तैयार होने के बाद विवरण जारी किया जाएगा।



*'राष्ट्रनीति' कार्यक्रम किंडरगार्टन से 12वीं कक्षा तक लागू होगा*

*'राष्ट्रनीति' सत्र हर महीने के पहले और तीसरे शनिवार को लागू होगा*

## राष्ट्रवादी नेताओं के बारे में जानेंगे

पाठ्यक्रम में 1925 में केशव बलिराम हेडगेवार द्वारा आरएसएस की स्थापना, उसकी विचारधारा से लेकर केदारनाथ, बिहार बाढ़ और कोविड-19 महामारी सहित समाज सेवा-राहत कार्यों में उसके कार्यकर्ताओं की भूमिका पर अध्याय शामिल होंगे। पूर्व पीएम अटल बिहारी वाजपेयी और पीएम नरेंद्र मोदी जैसे आरएसएस से जुड़े नेताओं के योगदान पर भी पाठ्यक्रम में प्रकाश डाला जाएगा। अधिकारियों ने बताया कि इसके अलावा, छात्र अज्ञात नायकों पर एक समर्पित अनुभाग के तहत वीर सावरकर, श्यामा प्रसाद मुखर्जी, सरदार वल्लभभाई पटेल और सुभाष चंद्र बोस सहित स्वतंत्रता सेनानियों और राष्ट्रवादी नेताओं के बारे में जानेंगे।

## एनईपी ने दिशा निर्देश जारी किए

18 सितंबर को नमो विद्या उत्सव के दौरान सीएम रेखा गुप्ता और शिक्षा मंत्री सूद द्वारा शुरू किया गया 'राष्ट्रनीति' कार्यक्रम, दिल्ली के सभी सरकारी स्कूलों में किंडरगार्टन से 12वीं कक्षा तक लागू किया जा रहा है। शिक्षा निदेशालय ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) 2020, ने दिशानिर्देश जारी किए हैं। दस्तावेजों में कहा गया है कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य छात्र उप-समितियों और युवा संसदों, जैसे व्यावहारिक अभ्यासों के माध्यम से नागरिक उत्तरदायित्व, नैतिक नेतृत्व और संवैधानिक मूल्यों का विकास करना है।

**कोविड में शहीद कर्मचारियों के परिवार को एक करोड़ देंगे:** दिल्ली सरकार ने कोविड19 के दौरान ड्यूटी पर शहीद हुए अपने कर्मचारियों को सम्मानित करते हुए एक ऐतिहासिक कदम उठाया है। सीएम रेखा गुप्ता ने कहा है कि कोविड ड्यूटी के दौरान शहीद हुए प्रत्येक कर्मचारी के परिवार को एक करोड़ रुपए दिए जाएंगे। दिल्ली सरकार ने कोविड-19 महामारी के दौरान ड्यूटी निभाते हुए जीवन गंवाने वाले अपने कर्मचारियों के परिवारों के लिए एक ऐतिहासिक और भावनात्मक निर्णय लिया है।

सिंगर जुबीन गर्ग की मौत का मामला

# मैनेजर और इवेंट ऑर्गेनाइजर अरेस्ट गैर इरादतन हत्या का केस दर्ज

एजेंसी ▶▶ दिसपुर

सिंगापुर में सिंगर जुबीन गर्ग की मौत के सिलसिले में असम सीआईडी ने नॉर्थ ईस्ट इंडिया फेस्टिवल के आयोजक श्यामकानु महंत और उनके मैनेजर सिद्धार्थ शर्मा को गैर इरादतन हत्या और अन्य आरोपों में गिरफ्तार कर लिया है।

एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि दोनों के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की विभिन्न धाराओं के तहत गैर इरादतन हत्या, आपराधिक साजिश और लापरवाही से मौत का मामला दर्ज किया गया है। अधिकारियों ने बताया कि दोनों को कामरूप के मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट ने 14 दिन की पुलिस हिरासत में भेज दिया है।



विशेष पुलिस महानिदेशक (सीआईडी) मुन्ना प्रसाद गुप्ता ने बताया कि एनईआईएफ महोत्सव के मुख्य आयोजक श्यामकानु महंत और सिंगर के मैनेजर सिद्धार्थ शर्मा को गिरफ्तार कर बुधवार सुबह दिल्ली से गुवाहाटी लाया गया। उन्होंने कहा कि सिंगर की मौत की जांच कानून के अनुसार की जाएगी। डीजीपी ने कहा कि दोनों के खिलाफ इंटरपोल के माध्यम से एक 'लुकआउट नोटिस' पहले ही जारी किया जा चुका है।

# सिर्फ ईएमआई चुकाने से संयुक्त संपत्ति पर नहीं बनता है पूरा हक

**नई दिल्ली।** दिल्ली हाईकोर्ट ने कहा है कि पति-पत्नी के नाम पर संयुक्त रूप से अर्जित और पंजीकृत संपत्ति पर पति केवल इस आधार पर एकमात्र स्वामित्व का दावा नहीं कर सकता कि उसने बैंक के ईएमआई का भुगतान किया है। जस्टिस अनिल क्षेत्रपाल और जस्टिस हरीश वैद्यनाथन शंकर की पीठ ने 22 सितंबर को यह टिप्पणी की। अदालत ने कहा कि जब संपत्ति पति-पत्नी के संयुक्त नाम पर हो जाती है तो पति को केवल इस आधार पर एकमात्र स्वामित्व का दावा करने की अनुमति नहीं दी जा सकती कि उसने अकेले ही संपत्ति की खरीद मूल्य का भुगतान किया है।

बरेली बवाल पर सरकार की कार्रवाई

# मौलाना तौकीर के करीबी डॉ. नफीस और उसके बेटे को भेजा गया जेल



एजेंसी ▶▶ बरेली

बरेली में बवाल के मामले में आरोपी डॉ. नफीस खां और उसके बेटे फरमान समेत आठ और आरोपियों को जेल भेज दिया गया है। एसएसपी अनुराग आर्य ने बताया कि बुधवार को कुल आठ आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। इनमें दो आरोपी मुठभेड़ में पकड़े गए हैं।


बवाल के बाद से कुल 81 आरोपी गिरफ्तार किए जा चुके हैं। फुटेज और वीडियो के आधार पर आरोपियों को चिह्नित किया जा रहा है। पुलिस का फोकस उन लोगों पर है, जिन्होंने भीड़ को जुटाने और उकसाने की कोशिश की थी। जांच में यह बात भी सामने आई है कि 26 सितंबर के दिन शुक्रवार को नमाज का वक्त बदला गया था। मौलाना तौकीर का वीडियो जारी होने के बाद यह मैसेज फैलाया गया था कि जुमे की नमाज एक बजे होगी।

## दो आरोपी मुठभेड़ में गिरफ्तार

सीबीगंज थाना क्षेत्र में पुलिस ने बुधवार सुबह करीब सात बजे मुठभेड़ में दो और आरोपियों को गिरफ्तार किया। दोनों के पैर में गोली लगी है। घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया है। एसपी सिटी मानुष पारीक ने अस्पताल पहुंचकर दोनों आरोपियों से पूछताछ की। इस दौरान दोनों आरोपी हाथ जोड़कर माफी मांगने लगे। शहर में 26 सितंबर को हुए बवाल के दौरान पुलिस की राइट गन लूटी गई थी। अब सीबीगंज थाना पुलिस ने बंडिया नहर के किनारे बुधवार तड़के हुई मुठभेड़ में शाहजहांपुर जिले के निवासी इदरीश पंखिया उर्फ बोरा उर्फ गोरा को गिरफ्तार कर यह राइट गन बरामद की है। उसका साथी इकबाल भी पकड़ा गया है। मुठभेड़ में दोनों आरोपियों के पैर में गोली लगी है। एसपी सिटी मानुष पारीक ने जिला अस्पताल जाकर आरोपियों से पूछताछ की।

## सीएम से गुहार... घर पर बुलडोजर न चलाएं

बरेली में बवाल के बाद जेल भेजे गए फाइक एन्क्लेव निवासी आईएमसी के पूर्व जिलाध्यक्ष फरहत खान की बेटी फिजा खान मंगलवार को डीएम अविनाश सिंह से मिलने कलक्ट्रेट पहुंची। उसने कहा कि उसके घर का बिजली का कनेक्शन पहले ही काटा जा चुका है। उसके घर पर बुलडोजर न चलाया जाए। जिलाधिकारी ने कहा कि जो भी कार्रवाई की जा रही है, वह तथ्य और साक्ष्य के आधार पर की जा रही है। किसी के खिलाफ मनमानी कार्रवाई नहीं होगी। फिजा ने कहा कि सीएम योगी आदित्यनाथ से भी हमारी अपील है कि हमारे घर पर बुलडोजर न चलाया जाए।



## चिंतन

# अमीर-गरीब की खाई को कम करना बहुत जरूरी

इसमें कतई दोराय नहीं है कि भारत आर्थिक विषमतापूर्ण देश है। भारत के लोगों में अपनी आय, उपभोग क्षमता और संपत्ति को असलियत से कम बताए जाने की सोच रही है। अमीरी और गरीबी के बीच खाई यहां कोई नई बात नहीं है। यह व्यवस्था सदियों से चली आ रही है। जब राजतंत्र हुआ करता था तो कुछ विशेष वर्ग के लोग थे, जो धनी हुआ करते थे। जो संपूर्ण समाज का महज दस प्रतिशत थे, वही सभी लोगों पर नियत्रंण रखते थे, लेकिन अब हम राजतंत्र नहीं लोकतंत्र में पहुंच गए हैं और अमीर-गरीब की खाई कम होने की बजाए लगातार बढ़ रही है। जो गंभीर चिंता का विषय है। धन का वितरण अत्यधिक असमान हो रहा है। इस खाई के मुख्य कारणों में नीतियों का ठीक से लागू न होना, कोरोना जैसी आपदाओं का असमान प्रभाव, तकनीकी प्रगति का लाभ उच्च वर्ग तक सीमित रहना और सामाजिक-आर्थिक संरचनाएं शामिल हैं। वर्तमान आर्थिक परिदृश्य में भी अधिकतम लाभ उसी छोटे से तबके के हिस्से में ही जा रहा है जो पहले से ही अमीर है। अमीर की अमीरी लगातार बढ़ती जा रही है और गरीब और गरीब हो रहा है, यह कहना तथ्यात्मक रूप से सही नहीं है। नब्बे के दशक में देश में हुए आर्थिक सुधारों के बाद बड़ी आबादी गरीबी रेखा से बाहर आ आई है। पिछले तीन दशकों के भीतर देश में प्रति व्यक्ति आय में भी तेजी से वृद्धि हुई है। वर्ल्ड बैंक के आंकड़ों के अनुसार 1991 में जहां देश में प्रति व्यक्ति जीडीपी 301 डॉलर थी, वहीं 2021 में यह बढ़कर 2,277 हो गई। यूनाइटेड नेशन्स डेवलपमेंट प्रोग्राम के आंकड़ों के अनुसार वर्ष 2005-06 से 2015-16 के दौरान भारत में 27.1 करोड़ लोग अत्यंत गरीब वर्ग से बाहर निकलने में सफल रहे। यह सब आंकड़े सही हैं, साथ में यह भी सही है कि भारत में करोड़पतियों की संख्या में भी तेजी से इजाफा हुआ है। वर्ष 2021 में आयकर भरने वाले 131,000 ने स्वयं को करोड़पति घोषित किया था। 2020 तक करोड़पतियों की संख्या 125,000 थी। वर्ष 2026 तक देश में करोड़पतियों की संख्या दोगुनी हो जाने की उम्मीद है। इसके अलावा ऐसे नागरिकों की संख्या में भी बढ़ोतरी हुई है जिनकी वार्षिक आय 10 लाख से एक करोड़ के बीच रही। वित्त वर्ष 2021 में ऐसे आयकर दाताओं की संख्या 73 लाख थी जो 2022 में बढ़कर 77 लाख हो गई। अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष के अनुसार देश के किसानों की आय में भी वृद्धि हुई है। बड़ी जोत वाले किसानों की वार्षिक आय में जहां 2 फीसदी की वृद्धि हुई है, वहीं छोटे किसानों की आय में 10 फीसद की वृद्धि हुई है। एक अक्टूबर को एम3एम हुरुन रिच लिस्ट 2025 जारी की है। इस बार लिस्ट में 1,687 व्यक्तियों को शामिल किया गया। सभी अमीरों की कुल नेटवर्थ 167 लाख करोड़ रुपये है, जो भारत की जीडीपी का लगभग आधा है। ये हालात लोकतंत्र के लिए कतई सही नहीं हैं। जहां सबको समान अधिकार हैं तो धन वितरण में इतना अंतर क्यों। सरकार को इस स्थिति को सुधारने के लिए कल्याणकारी योजनाओं पर अधिक खर्च करना होगा, रोजगार के अवसर बढ़ाने होंगे और ग्रामीण-शहरी असमानता को कम करने का प्रयास करना होगा। छोटे और मध्यम उद्योगों को इंस्पेक्टर राज से मुक्ति दिलाने और उन्हें सुचारू रूप से चलने के लिए आवश्यक सुविधाएं देने पर भी इस असमानता को कम किया जा सकता है। सरकार को ऐसी नीतियां बनानी होंगी जो धन के वितरण को अधिक समान बनाएं और सभी वर्गों के लिए समान अवसर सुनिश्चित करें तभी इस खाई को पाटा जा सकेगा।

## दशहरा विशेष
डॉ. सूर्यकांत मिश्रा



# रावण करना चाहता था प्रकृति के विरुद्ध बदलाव

हम प्रतिवर्ष दशहरा पर्व पर रावण की बुराइयों का खाता खोले नजर आते हैं। कारण यह कि राक्षस राज ने अपनी विद्वता का अन्यथा उपयोग कर समाज में एक गलत धारणा को प्रतिष्ठित किया! वैसे पूरी दुनिया इस बात से वाकिफ़ है कि दशानन रावण जैसा प्रकांड विद्वान और महाबली पूरी दुनिया में और कोई नहीं था। वास्तव में देखा जाए तो रावण एक विराट चरित्र है, पर अफसोस :

अति रूपेण वै सीता, अति गर्वेण रावण,
अति दानाद बलिर्बद्धो, अति सर्वत्र वर्जेत।

अर्थात सीता अति सुंदर है, रावण अति अभिमानी है , बलि वरदानों से बंधा है, सर्वत्र उसका कल्याण हो। पाप या अधर्म अथवा अनैतिक कार्य, मद, अहंकार, घमंड ये तमाम अवगुण अपयश ही देते हैं। अतः निरंतर पूजा-पाठ, दान-पुण्य, परोपकार, दया-करुणा , प्रेम-सौहाद्र , इत्यादि मानवीय सद्गुणों का आह्वान कर मनुष्य उन्नति को प्राप्त कर सकता है। रावण राक्षस जरूर था, किंतु प्राण त्यागने से पूर्व उसने भगवान श्रीराम के आग्रह पर उपदेश भी सुनाया। रावण ने अपने उपदेश में कहा-शुभ कार्य शीघ्र कर डालना चाहिए। अशुभ कार्यों को टाल देना चाहिए। मैं भी कुछ शुभ कार्य करना चाहता था, किंतु टाल-मटोल के कारण नहीं कर पाया। रावण का पश्चाताप भी मौत के आलिंगन से पूर्व सामने आया। रावण ने कहा कि एक अशुभ काम मेरे मन में आ बैठा। यह जानते हुए भी कि पर नारी पर बुरी नजर डालना ठीक नहीं, किंतु मैं खुद को रोक नहीं पाया! सीता का हरण कर बैठा! नतीजा यह हुआ कि कुल सहित मेरा नाश हो गया। रावण बहु विधाओं का जानकार था। उसे मायावी इसलिए कहा जाता था कि वह इंद्रजाल, तंत्र, सम्मोहन और तरह-तरह की जादूकला में निपूर्ण था। यही कुछ कारण थे कि लोग उससे भयभीत रहा करते थे। उसने कुछ ऐसे सपने संजो रखे थे जो पूरे हो जाते तो यह दुनिया जिस रूप में दिखाई पड़ रही है, वैसी न होती! रावण कुदरत के नियमों के खिलाफ खड़ा नजर आता था। रावण संहिता में उल्लेखित उसके अधूरे सपने वास्तव में उसकी वैज्ञानिक सोच का आईना कहे जा सकते हैं । रावण संहिता के अनुसार रावण चाहता था कि मानव प्रजाति में जितने भी लोगों का रंग काला है, वह गोरा हो जाए, ताकि कोई भी महिला उसका अपमान न कर सके ! रावण बाली को पराजित करने का सपना भी देखा करता था। बाली उसे अपनी बगल में दबाकर समुद्रों की परिक्रमा किया करता था! रावण का बाली पर विजय का सपना अधूरा ही रह गया। रावण चाहता था कि दुनिया भर के स्वर्ण भंडार पर उसका अधिकार हो! साथ ही स्वर्ण की पहचान के लिए वह उसमें विशेष प्रकार की सुगंध डालना चाहता था! रावण किसी वैज्ञानिक की तरह सोचा करता था, इस संदर्भ में रावण संहिता बताती है कि रावण चाहता था कि खून का रंग लाल के बदले सफेद हो जाए ताकि वह पानी के साथ मिलकर उसके अत्याचारों को जग-जाहिर न होने दे! रावण पूरी प्रकृति पर अपना कब्जा चाहता था!

उसकी एक बड़ी इच्छा यह थी कि वह स्वर्ग तक सीढ़ियां बना सके! इस सोच में उसके खतरनाक इरादे छिपे हुए थे। वह चाहता था कि लोग अपनी कुशल क्षेम के लिए भगवान की नहीं, उसकी पूजा करें! वह यह भी चाहता था कि उसकी पूजा करने वालों को वह सीधे स्वर्ग का मार्ग सीढ़ी के माध्यम से दे सके! रावण खुद मदिरा प्रेमी था। वह चाहता था कि मंदिरा की दुर्गंध समाप्त कर दे, ताकि ज्यादा से ज्यादा लोग उसे पीने लगें! उसकी वैज्ञानिक सोच के चलते वह ऐसा कर लेता तो पूरी दुनिया नशे की गुलाम हो जाती। रावण यह भी चाहता था कि समुद्र का खारा पानी, मीठा हो जाए ! ऐसा हो जाने से लोग उसकी पूजा करने लगते और भगवान की आराधना बंद हो जाती। इन्हीं सारी विकृत इच्छाओं के कारण ही रावण का अंत प्रभु श्रीराम के हाथों हुआ। ऐसे भी उल्लेख मिलते हैं कि रावण ने ही अरुण संहिता, अंक प्रकाश, इंद्रजाल, प्राकृत कामधेनु, प्राकृत लंकेश्वर रावणियम जैसी पुस्तकों की रचना की । अपने कुल और राक्षस समाज की रक्षा के लिए दशानन ने ही 'रक्ष' संस्कृति की स्थापना की। रावण द्वार रचित शिव तांडव स्त्रोत आज भी भगवान भोलेनाथ को प्रसन्न करने के लिए गया जाता है। आज ज्योतिषियों के लिए कुंडली सहित अनेक बाधाओं के हल के रूप में रावण संहिता अद्वितीय ग्रन्थ माना जाता है। इसी तरह 'रावण हत्था' वाद्य यंत्र का आविष्कार भी रावण द्वारा किया गया। कहते हैं आज भी उक्त वाद्य यंत्र राजस्थान और गुजरात में बजाया जाता है। रावण खुद कहा करता था कि जो व्यक्ति खुद की स्तुति करता है या अपनी प्रशंसा सुनने का आदी हो जाता है, उसे कभी सफलता नहीं मिलती।

( लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

# विकसित भारत में संघ का योगदान



**स्थापना वर्ष**
नरेंद्र मोदी

राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ की 100 वर्षों की इस गौरवमयी यात्रा की स्मृति में भारत सरकार ने विशेष डाक टिकट और स्मृति सिक्के भी जारी किए हैं। जिस तरह विशाल नदियों के किनारे मानव सभ्यताएं पनपती हैं, उसी तरह संघ के किनारे भी सैकड़ों जीवन पुष्पित पल्लवित हुए हैं। जैसे एक नदी जिन रास्तों से बहती हैं, उन क्षेत्रों को अपने जल से समृद्ध करती हैं, वैसे ही संघ ने इस देश के हर क्षेत्र, समाज के हर आयाम को स्पर्श किया है। जिस तरह एक नदी कई धाराओं में ख़ुद को प्रकट करती है, संघ की यात्रा भी ऐसी ही है। 2047 के विकसित भारत में संघ का हर योगदान, देश की ऊर्जा बढ़ाएगा, देश को प्रेरित करेगा।

सौ वर्ष पूर्व विजयादशमी के महापर्व पर राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ की स्थापना हुई थी। ये हजारों वर्षों से चली आ रही उस परंपरा का पुनर्स्थापन था, जिसमें राष्ट्र चेतना समय-समय पर उस युग की चुनौतियों का सामना करने के लिए नए-नए अवतारों में प्रकट होती है। इस युग में संघ उसी अनादि राष्ट्र चेतना का पुण्य अवतार है। ये हमारी पीढ़ी के स्वयंसेवकों का सौभाग्य है कि हमें संघ के शताब्दी वर्ष जैसा महान अवसर देखने मिल रहा है। मैं इस अवसर पर राष्ट्रसेवा के संकल्प को समर्पित कोटि-कोटि स्वयंसेवकों को शुभकामनाएं देता हूं। मैं संघ के संस्थापक, हम सभी के आदर्श डॉक्टर हेडगेवार के चरणों में श्रद्धांजलि अर्पित करता हूँ। संघ की 100 वर्षों की इस गौरवमयी यात्रा की स्मृति में भारत सरकार ने विशेष डाक टिकट और स्मृति सिक्के भी जारी किए हैं। जिस तरह विशाल नदियों के किनारे मानव सभ्यताएं पनपती हैं, उसी तरह संघ के किनारे भी सैकड़ों जीवन पुष्पित पल्लवित हुए हैं। जैसे एक नदी जिन रास्तों से बहती हैं, उन क्षेत्रों को अपने जल से समृद्ध करती हैं, वैसे ही संघ ने इस देश के हर क्षेत्र, समाज के हर आयाम को स्पर्श किया है। जिस तरह एक नदी कई धाराओं में ख़ुद को प्रकट करती है, संघ की यात्रा भी ऐसी ही है। संघ के अलग-अलग संगठन भी जीवन के हर पक्ष से जुड़कर राष्ट्र की सेवा करते हैं। शिक्षा, कृषि, समाज कल्याण, आदिवासी कल्याण, महिला सशक्तिकरण, समाज जीवन के ऐसे कई क्षेत्रों में संघ निरंतर कार्य करता रहा है। विविध क्षेत्र में काम करने वाले हर संगठन का उद्देश्य एक ही है, भाव एक ही है राष्ट्र प्रथम। अपने गठन के बाद से ही राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ राष्ट्र निर्माण का विराट उद्देश्य लेकर चला। इस उद्देश्य की पूर्ति के लिए संघ ने व्यक्ति निर्माण से राष्ट्र निर्माण रास्ता चुना और इस चलने के लिए जो कार्यपद्धति चुनी वो थी नित्य-नियमित चलने वाली शाखाएं। संघ शाखा का मैदान, एक ऐसी प्रेरणा भूमि है, जहां से स्वयंसेवक की अहं से वयं की यात्रा शुरू होती है। संघ की शाखाएं * व्यक्ति निर्माण की यज्ञवेदी हैं। राष्ट्र निर्माण का महान उद्देश्य, व्यक्ति निर्माण का स्पष्ट पथ और शाखा जैसी सरलए जीवंत कार्यपद्धति यही संघ की सौ वर्षों की यात्रा का आधार बने। इन्हीं स्तंभों पर खड़े होकर संघ ने लाखों स्वयंसेवकों को गढ़ा, जो विभिन्न क्षेत्रों में देश को आगे बढ़ा रहे हैं। संघ जब से अस्तित्व में आया संघ के लिए देश की प्राथमिकता ही उसकी अपनी प्राथमिकता रही। आज़ादी की लड़ाई के समय डॉक्टर हेडगेवार समेत अनेक कार्यकर्ताओं ने स्वतंत्रता आंदोलन में हिस्सा लिया, डॉक्टर साहब कई बार जेल तक गए। आजादी की लड़ाई में कितने ही स्वतन्त्रता सेनानियों को संघ संरक्षण देता रहा, उनके साथ कंधे से कंधा मिलाकर काम करता रहा। आजादी के बाद भी संघ निरंतर राष्ट्र साधना में लगा रहा। इस यात्रा में संघ के खिलाफ साजिशें भी हुईं, संघ को कुचलने का प्रयास भी हुआ। ऋषितुल्य परम पूज्य गुरु जी को झूठे केस में फंसाया गया। लेकिन संघ के स्वयंसेवकों ने कभी कटुता को स्थान नहीं दिया। क्योंकि वो जानते हैं, हम समाज से अलग नहीं हैं, समाज हमसे ही तो बना है। समाज के साथ एकात्मता और संवैधानिक संस्थाओं के प्रति आस्था ने संघ के स्वयंसेवकों को हर संकट में स्थित प्रज्ञ रखा है, समाज के प्रति संवेदनशील बनाए रखा है। प्रारंभ से संघ राष्ट्रभक्ति और सेवा का



पर्याय रहा है। जब विभाजन की पीड़ा ने लाखों परिवारों को बेघर कर दिया, तब स्वयंसेवकों ने शरणार्थियों की सेवा की। हर आपदा में संघ के स्वयंसेवक अपने सीमित संसाधनों के साथ सबसे आगे खड़े रहते रहे। यह केवल राहत नहीं थी। यह राष्ट्र की आत्मा को संबल देने का कार्य था। खुद कष्ट उठाकर दूसरों के दुख हरना हर स्वयंसेवक की पहचान है। आज भी प्राकृतिक आपदा में हर जगह स्वयंसेवक सबसे पहले पहुंचने वालों में से एक रहते हैं। अपनी 100 वर्षों की इस यात्रा में, संघ ने समाज के अलग-अलग वर्गों में आत्मबोध जगाया, स्वाभिमान जगाया। संघ देश के उन क्षेत्रों में भी कार्य करता रहा है जो दुर्गम हैं जहां पहुंचना सबसे कठिन है। संघ दशकों से आदिवासी परंपराओं, आदिवासी रीति-रिवाज आदिवासी मूल्यों को सहेजने-संवारने में अपना सहयोग देता रहा हैण, अपना कर्तव्य निभा रहा है। आज सेवा भारती, विद्या भारती, एकल विद्यालयण, वनवासी कल्याण आश्रमण, आदिवासी समाज के सशक्तिकरण का स्तंभ बनकर उभरे हैं।

समाज में सदियों से घर कर चुकी जो बीमारियां हैं, जो ऊंच-नीच की भावना है, जो कुप्रथाएं हैं, ये हिन्दू समाज की बहुत बड़ी चुनौती रही हैं। ये एक ऐसी गंभीर चिंता है, जिस पर संघ लगातार काम करता रहा है। डॉक्टर साहब से लेकर आज तक, संघ की हर महान विभूति ने, हर सर संघचालक ने भेदभाव और छुआछूत के खिलाफ लड़ाई लड़ी है। परम पूज्य गुरु ने निरंतर न हिन्दू पतितो भवेत् की भावना को आगे बढ़ाया। पूज्य बाला साहब देवरस जी कहते थे कि छुआछूत अगर पाप नहीं तो दुनिया में कोई पाप नहीं! सरसंघचालक रहते हुए पूज्य रज्जू भैया और पूज्य सुदर्शन ने भी इसी भावना को आगे बढ़ाया। वर्तमान सरसंघचालक मोहन भागवत ने भी समरसता के लिए समाज के सामने एक कुआं, एक मंदिर और एक श्मशान का स्पष्ट लक्ष्य रखा है। जब 100 साल पहले संघ अस्तित्व में आया था तो उस समय की आवश्यकताएं, उस समय के संघर्ष कुछ और थे। लेकिन आज 100 वर्षों बाद जब भारत विकसित होने की तरफ बढ़ रहा है तब आज के समय की चुनौतियां अलग हैं, संघर्ष अलग हैं। दूसरे देशों पर आर्थिक निर्भरता, हमारी एकता को तोड़ने की साजिशें, डेमोग्राफी में बदलाव के षड़यंत्र, हमारी सरकार इन चुनौतियों से तेजी से निपट रही है। मुझे ये खुशी है कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने भी इन चुनौतियों से निपटने के लिए ठोस रोडमैप भी बनाया है। संघ के पंच परिवर्तन, स्व बोध, सामाजिक समरसता, कुटुम्ब प्रबोधन, नागरिक शिष्टाचार और पर्यावरण ये संकल्प हर स्वयंसेवक के लिए देश के समक्ष उपस्थित चुनौतियों को परास्त करने की बहुत बड़ी प्रेरणा हैं। स्व बोध की भावना का उद्देश्य गुलामी की मानसिकता से मुक्त होकर अपनी विरासत पर गर्व और स्वदेशी के मूल संकल्प को आगे बढ़ाना है। सामाजिक समरसता के जरिए वंचित को वरीयता देकर सामाजिक न्याय की स्थापना का प्रण है।

आज हमारी सामाजिक समरसता को घुसपैठियों के कारण डेमोग्राफी में आ रहे बदलाव से भी बड़ी चुनौती मिल रही है। देश ने भी इससे निपटने के लिए डेमोग्राफी मिशन की घोषणा की है। हमें कुटुम्ब प्रबोधन यानी परिवार संस्कृति और मूल्यों को भी मजबूत बनाना है। नागरिक शिष्टाचार के जरिए नागरिक कर्तव्य का बोध हर देशवासी में भरना है। इन सबके साथ अपने पर्यावरण की रक्षा करते हुए आने वाली पीढ़ियों के भविष्य को सुरक्षित करना है। अपने इन संकल्पों को लेकर संघ अब अगली शताब्दी की यात्रा शुरू कर रहा है। 2047 के विकसित भारत में संघ का हर योगदान, देश की ऊर्जा बढ़ाएगा, देश को प्रेरित करेगा। पुनः प्रत्येक स्वयंसेवक को बहुत-बहुत शुभकामनाएं।

( लेखक भारत के प्रधानमंत्री हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

# मनुष्य को आता इंद्रिय विषयों में तीव्र आनंद



संकलित
**दर्शन**

भक्ति विभिन्न रूपों में प्रकाशित होती है। पहला है श्रद्धा। लोग मंदिरों और पवित्र स्थानों के प्रति श्रद्धा इसलिए प्रकट करते हैं, क्योंकि वहां भगवान की पूजा होती है, ऐसे स्थानों में उनकी सत्ता अधिक अनुभूति होती है। प्रत्येक देश में लोग धर्माचार्यों के प्रति श्रद्धा इसलिए प्रकट करते हैं, क्योंकि ये आचार्य उन्हीं भगवान की महिमा का उपदेश देते हैं। इस श्रद्धा का मूल है प्रेम। हम जिससे प्रेम नहीं करते, उसके प्रति कभी श्रद्धालु नहीं हो सकते। इसके बाद है प्रीति अर्थात ईश्वर चिंतन में आनंद। मनुष्य इंद्रिय विषयों में तीव्र आनंद अनुभव करता है। इंद्रियों को अच्छी लगने वाली चीजों के लिए वह भटकता फिरता है और बड़ा से बड़ा जोखिम उठाने के लिए तैयार रहता है। भक्त को चाहिए कि वह भगवान के प्रति इसी प्रकार का तीव्र प्रेम रखे। इसके उपरांत आता है विरह। विरह प्रेमास्पद के अभाव में उत्पन्न होने वाला तीव्र दुख। यह दुख संसार के समस्त दुखों में सबसे मधुर है। जब मनुष्य भगवान को न पा सकने के कारण, संसार में एकमात्र जानने योग वस्तु को न जान सकने के कारण तीव्र वेदना अनुभव करने लगता है और अत्यंत व्याकुल हो पागल-सा हो जाता है, उस दशा को विरह कहते हैं। मन की ऐसी दशा में प्रेमास्पद को छोड़ उसे और कुछ अच्छा नहीं लगता। बहुधा यह विरह सांसारिक प्रणय में देखा जाता है। जब पराभक्ति हृदय पर अपना प्रभाव जमा लेती है तो अन्य अप्रिय विषयों की उपस्थिति हमें खटकने लगती है, यहां तक कि प्रेमास्पद भगवान के अतिरिक्त अन्य किसी विषय पर बातचीत तक कहना हमारे लिए अरुचिकर हो जाता है।

# मूर्ख साधू और ठग



संकलित
**प्रेरणा**

किसी गांव के मंदिर में देव शर्मा नाम का एक प्रतिष्ठित साधू रहता था। उसे अपने भक्तों से दान में तरह- तरह के वस्त्र, उपहार, खाद्य सामग्री और पैसे मिलते थे। उन वस्त्रों को बेचकर साधू ने काफी धन जमा कर लिया था। वह अपने धन को एक पोटली में रखता था और उसे हमेशा अपने साथ लेकर ही चलता था। उसी गाँव में एक ठग रहता था। ठग हमेशा साधू का पीछा किया करता था, लेकिन साधू उस गठरी को कभी अपने से अलग नहीं होने देता। उसने साधू से मिन्नत की कि वह उसे अपना शिष्य बना ले क्योंकि वह ज्ञान प्राप्त करना चाहता था। साधू तैयार हो गया और इस तरह से वह ठग साधू के साथ ही मंदिर में रहने लगा। ठग मंदिर की साफ सफाई से लेकर अन्य सभी कार्य भी करता था। एक दिन साधू को पास के गांव में एक अनुष्ठान के लिए आमंत्रित किया गया, साधू ने वह आमंत्रण स्वीकार किया और निश्चित दिन साधू अपने शिष्य के साथ अनुष्ठान में भाग लेने के लिए निकल पड़ा। रास्ते में एक नदी पड़ी और साधू ने स्नान करने की इच्छा व्यक्त की। उसने पैसों की गठरी को एक कम्बल के भीतर रखा और उसे नदी के किनारे रख दिया। उसने ठग से सामान की रखवाली करने को कहा और खुद नहाने चला गया। ठग को तो कब से इसी पल का इंतज़ार था। जैसे ही साधू नदी में डुबकी लगाने गया, वह रुपयों की गठरी लेकर चम्पत हो गया। शिक्षाः किसी अजनबी की चिकनी चुपड़ी बातों में आकर ही उस पर विश्वास नहीं कर लेना चाहिए।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### दशहरे पर आत्ममंथन की जरूरत

हर साल जब दशहरे की शाम को रावण के विशाल पुतले धू-धू कर जलते हैं, तो दर्शकों की आंखों में उत्सव का रोमांच दिखाई देता है। पटाखों की गड़गड़ाहट, आतिशबाज़ी की चमक और भीड़ का शोर इस पर्व को एक रंगीन उत्सव में बदल देता है। लेकिन सवाल यह है कि क्या इस पूरे आयोजन का संदेश- बुराई पर अच्छाई की जीत- हमारे जीवन और समाज में कहीं उतर पाता है? आज दशहरा एक मनोरंजन का ट्रेंड बनकर रह गया है। लोग पुतले जलाते हैं, फोटो और वीडियो बनाते हैं, सोशल मीडिया पर साझा करते हैं। लेकिन यह सोचने का समय शायद ही निकालते हैं कि यह रावण दहन केवल परंपरा निभाने के लिए नहीं, बल्कि हमें आत्ममंथन और सामाजिक सुधार का अवसर देने के लिए शुरू हुआ था।

*-मकरन्द जोशी, बिलासपुर*

## करंट अफेयर

# चीन ताइवान की स्वतंत्रता का कड़ा विरोध करेगा : शी



चीन के राष्ट्रपति शी चिनफिंग का कहना है कि चीन ''ताइवान की स्वतंत्रता'' को लेकर अलगाववादी गतिविधियों और बाहरी हस्तक्षेप का कड़ा विरोध करेगा और राष्ट्रीय संप्रभुता तथा क्षेत्रीय अखंडता की दृढ़ता से रक्षा करेगा। शी चीन की कम्युनिस्ट पार्टी (सीपीसी) की केंद्रीय समिति के महासचिव और केंद्रीय सैन्य आयोग के अध्यक्ष भी हैं। उन्होंने पीपुल्स रिपब्लिक ऑफ चाइना की स्थापना की 76वीं वर्षगांठ मनाने के लिए बीजिंग के ग्रेट हॉल ऑफ द पीपल में मंगलवार को आयोजित एक स्वागत समारोह में यह टिप्पणी की। शी ने कहा, 'ताइवान जलडमरूमध्य में आदान-प्रदान और सहयोग को गहरा करने, 'ताइवान की स्वतंत्रता' की अलगाववादी गतिविधियों और बाहरी हस्तक्षेप का कड़ा विरोध करने और राष्ट्रीय संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता की दृढ़ता से रक्षा करने के पुरजोर प्रयास किए जाने चाहिए।'इससे पहले, शी, सत्तारूढ़ चीनी कम्युनिस्ट पार्टी और राज्य के अन्य नेताओं के साथ, मध्य बीजिंग के तियानमेन चौक पर एक समारोह में शामिल हुए। यह कार्यक्रम राष्ट्रीय दिवस से एक दिन पहले, शहीद दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित किया गया था। बुधवार से, चीन आधिकारिक तौर पर राष्ट्रीय दिवस मनाने के लिए एक सप्ताह का अवकाश मनाएगा।

## ऑफ बीट

# मकड़ियों से जितना आप डरते हैं, वह आपसे डरती है



जोरो मकड़ी में मृत होने का नाटक करने की प्रवृत्ति होती है। वैज्ञानिकों के बीच इस चाल को थानाटोसिस के नाम से जाना जाता है। मकड़ियों के लिए किसी संभावित खतरे की प्रतिक्रिया में ऐसा करना आम बात है। मकड़ियों की दस प्रजातियों के 2023 के एक अध्ययन में पाया गया कि अधिकांश मकड़ियाँ हवा के कुछ तेज़ झोंकों की प्रतिक्रिया में लगभग एक मिनट के लिए जड़ हो जाती हैं। जोरो मकड़ियाँ एक घंटे से अधिक समय तक निश्चल पड़ी रहीं। यह शिकारियों या संभावित साथियों, जैसे नरभक्षी पिसौरा मिराबिलिस (यूरोपीय नर्सरी वेब स्पाइडर) मादाओं द्वारा खाए जाने की संभावना को कम कर देता है। इसकी कीमत उड़ने वाले कीड़े के रूप में एक दावत से चूकने जैसी हो सकती है। लेकिन मृत होने का नाटक करना संभवतः सक्रिय रक्षात्मक रणनीतियों की तुलना में शिकारी से सुरक्षित रहने का अधिक ऊर्जा कुशल तरीका है। उदाहरण के लिए, फोल्कस सेलर मकड़ियाँ अपने जालों में इधर-उधर घूमकर शिकारियों को भ्रमित करने और उन्हें रोकने की कोशिश में कहीं अधिक ऊर्जा खर्च करती हैं। मकड़ियों द्वारा उपयोग की जाने वाली आक्रामक प्रतिक्रियाओं में अन्य जानवरों को डराने के लिए अपने पैर उठाना और अपने नुकीले दांतों को हिलाना शामिल है।

## ट्रेंड

### संघ के अतुलनीय कार्य



संघ ने सेवा भारती से लेकर वनवासी कल्याण आश्रम जैसे अपने अलग-अलग संगठनों के माध्यम से दुर्गम से दुर्गम क्षेत्रों में भी अतुलनीय कार्य किए हैं। हमारे आदिवासी भाई-बहनों के सशक्तिकरण में इसने अहम भूमिका निभाई है।

**-नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री**

### कर्मचारियों को उपहार



विजयादशमी से पहले केंद्रीय कर्मचारियों और उनके परिवारजनों को बड़ा उपहार दिया है। आज केंद्रीय कैबिनेट ने महँगाई भत्ता और महँगाई राहत में 3% अतिरिक्त बढ़ोतरी को मंजूरी दी है। इस फैसले से करीब 49.19 लाख केंद्रीय कर्मचारी और 68.72 लाख पेंशनर्स लाभान्वित होंगे।

**- अमित शाह, केंद्रीय गृहमंत्री**

### इन्हें काम नहीं करना



इन लोगों ने दिल्ली का क्या हाल कर दिया। लोगों की ज़िंदगी नरक बना दी इन्होंने। इन्हें सरकार नहीं चलानी। इन्हें काम नहीं करना। इनका बस एक ही काम है। चौबीस घंटे विपक्षियों और विरोधियों को गिरफ्तार करते रहते हैं।

**-अरविंद केजरीवाल, पूर्व सीएम, दिल्ली**

### खनिज आपूर्ति श्रृंखला



दुनिया खनिज आपूर्ति श्रृंखलाओं को सुरक्षित करने की होड़ में है। भारत भी इसी दिशा में आगे बढ़ रहा है। इसे राष्ट्रीय महत्व और तात्कालिकता वाली परियोजनाओं तक भी विस्तारित किया जाए।

**- अनिल अग्रवाल, उद्यमी**

**हमारा पता**
हरिभूमि कार्यालय
नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक-124001 फोनः 9253681019-20
ई-मेल : haribhoomi@gmail.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com

## सूर्यवंशी, त्रिवेदी ने भारत को अंडर 19 टेस्ट में आस्ट्रेलिया के खिलाफ मजबूत स्थिति में पहुंचाया

# वैभव ने 86 बालों में ठोका शतक, 9 चौके और 8 छक्के जड़ ऑस्ट्रेलियाई बॉलरों की उड़ाई धाज्जियां

एजेंसी ▶▶| ब्रिसबेन

वैभव सूर्यवंशी ने टी20 शैली में 86 गेंद में 113 रन बनाए जबकि वेदांत त्रिवेदी ने 140 रन की पारी खेलकर भारत की अंडर 19 टीम को मेजबान आस्ट्रेलिया ए के खिलाफ पहले युवा टेस्ट में बुधवार को 185 रन की बढत दिला दी। भारत की अंडर 19 टीम ने 81.3 ओवर में 428 रन बनाए। आस्ट्रेलिया अंडर 19 टीम ने पहली पारी में 243 रन बनाए थे। दूसरी पारी में उसने दूसरे दिन एक विकेट पर आठ रन बना लिए थे। अभी भी वह भारतीय टीम से 177 रन पीछे है। 14 वर्ष की उम्र में आईपीएल में शतक जमाने वाले सूर्यवंशी ने पारी के पहले ही ओवर में हेडन शिलेर को चौका जड़ा था। उन्होंने त्रिवेदी के साथ 152 रन की साझेदारी करके बड़े स्कोर की नींव रखी । सूर्यवंशी ने अपनी पारी में 8 छक्के और 9 चौके लगाए। उन्होंने बाएं हाथ के स्पिनर आर्यन शर्मा को बेहतरीन कवर ड्राइव लगाकर अपना शतक पूरा किया। लेग स्पिनर जेड होलिक को उन्होंने छक्का लगाया। त्रिवेदी और सूर्यवंशी के अलावा खिलन पटेल ने 49 गेंद में 49 रन बनाए। अयुवा टेस्ट से पहले दोनों टीमों ने तीन मैचों की युवा वनडे श्रृंखला खेली थी, जिसमें आयुष म्हात्रे की कप्तानी वाली भारतीय टीम 3-0 से विजयी रही।



### ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ वैभव सूर्यवंशी का प्रदर्शन

ब्रिस्बेन के इयान हीली ओवल में भारत और ऑस्ट्रेलिया अंडर-19 टीम के बीच हुए मुकाबले में भारत को शुरुआती झटका जरूर लगे, लेकिन 14 वर्षीय वैभव सूर्यवंशी ने चौथे नंबर के बल्लेबाज वेदांत त्रिवेदी के साथ बेहतरीन खेल दिखाया और दोनों ने 152 रनों की पार्टनरशिप की। वैभव सूर्यवंशी ने 86 गेंद में 113 रन बनाए।

### वैभव ने रचा इतिहास

वैभव सूर्यवंशी 78 गेंद में शतक जड़ने वाले सबसे तेज खिलाड़ी बन गए हैं। ब्रैंडन मैकुलम के बाद वैभव सूर्यवंशी ऐसे पहले खिलाड़ी बने, जिन्होंने 100 से कम गेंद में दो यूथ टेस्ट शतक जड़े हैं। इससे पहले 2024 में चेन्नई में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ उन्होंने 58 गेंद में शतक बनाया था। वैभव सूर्यवंशी 14 साल की उम्र में ये कारनामा करने वाले सबसे यंग प्लेयर बने हैं। वैभव सूर्यवंशी ने यूथ टेस्ट में सबसे ज्यादा छक्के लगाने का रिकॉर्ड भी तोड़ दिया। उनसे पहले आयुष म्हात्रे ने एक पारी में 8 छक्के लगाए थे।

### वैभव ने बनाए यह रिकॉर्ड

- वहीं वैभव ने यूथ टेस्ट में दो शतक 100 गेंदों के अंदर पूरा करा करने का रिकॉर्ड बना लिया है। ये रिकॉर्ड इससे पहले ब्रेंडन मैकुल्लम के नाम दर्ज था।
- सूर्यवंशी ने ऑस्ट्रेलिया की सरजमीं पर सबसे तेज यूथ टेस्ट शतक बनाने का रिकॉर्ड भी अपने नाम कर लिया है। इससे पहले ये रिकॉर्ड ऑस्ट्रेलिया के लियाम ब्लैकफोर्ड के नाम दर्ज था, जिन्होंने इंग्लैंड अंडर 19 के खिलाफ 2023 में 124 गेंदों पर शतक ठोका था। जबकि वैभव ने उनसे 46 गेंद कम रहते ही ये कीर्तिमान अपने नाम किया है।

# आईसीसी टी20 रैंकिंग : सबसे ज्यादा रेटिंग हासिल करने वाले दुनिया के पहले बल्लेबाज बने अभिषेक

एजेंसी ▶▶| दुबई

तेजी से उभरते हुए भारत के स्टार बल्लेबाज अभिषेक शर्मा ने जारी अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद की टी20 बल्लेबाजी रैंकिंग में इतिहास के सर्वश्रेष्ठ रेटिंग अंक के साथ शीर्ष पर अपनी स्थिति और मजबूत की जबकि वरुण चक्रवर्ती भी गेंदबाजी रैंकिंग में शीर्ष पर बरकरार हैं।

पाकिस्तान के सईम अयूब हालांकि टी20 अंतरराष्ट्रीय ऑलराउंडर की सूची में भारत के हार्दिक पंड्या को पछाड़कर शीर्ष पर पहुंच गए। हाल में हुई एशिया कप में भारत की खिताबी जीत के बाद अभिषेक ने इतिहास के सर्वश्रेष्ठ 931 अंक के साथ लगभग पांच साल पुराने रिकॉर्ड को तोड़ा।



### निसांका अपने कॅरियर के सर्वश्रेष्ठ पांचवें स्थान पर

श्रीलंका के दाएं हाथ के बल्लेबाज पथुम निसांका एशिया कप में 261 रन की बदौलत दो स्थान के फायदे से करियर के सर्वश्रेष्ठ पांचवें स्थान पर पहुंच गए। टीम के उनके साथी कुसाल परेरा (दो स्थान के फायदे से नौवें), पाकिस्तान के साहिबजादा फरहान (11 स्थान के फायदे से 13वें पायदान पर) और भारत के संजू सैमसन (आठ स्थान के फायदे से 31वें पायदान पर) की रैंकिंग में भी एशिया कप में अच्छे प्रदर्शन के बाद सुधार हुआ है।

### अभिषेक ने मलान के 919 रेटिंग अंक के रिकॉर्ड को तोड़ा

आईसीसी ने बताया कि 25 साल के अभिषेक ने 2020 में बनाए इंग्लैंड के दाएं हाथ के बल्लेबाज डेविड मलान के 919 रेटिंग अंक के रिकॉर्ड को तोड़ा। एशिया कप के दौरान 200 से अधिक के स्ट्राइक रेट से रन बनाकर टूर्नामेंट के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी बने अभिषेक ने टीम के अपने साथियों सूर्यकुमार यादव (912) और विराट कोहली (909) के पिछले सर्वश्रेष्ठ रेटिंग अंक को भी पीछे छोड़ा। पिछले साल अंतरराष्ट्रीय पदार्पण करने वाले अभिषेक ने एशिया कप के सात मैच में 44.85 के औसत से 314 रन बनाए। अभिषेक दूसरे स्थान पर चल रहे इंग्लैंड के फिल सॉल्ट से 82 रेटिंग अंक आगे हैं। टीम इंडिया के उनके साथी तिलक वर्मा तीसरे स्थान पर हैं। वर्मा ने एशिया कप में 213 रन बनाए।

**गेंदबाजी में चक्रवर्ती शीर्ष पर बरकरार:** एशिया कप में सात विकेट चटकाने वाले चक्रवर्ती दुनिया के नंबर एक टी20 अंतरराष्ट्रीय गेंदबाज बने हुए हैं। टीम के उनके साथी कुलदीप यादव (नौ स्थान के फायदे से 12वें स्थान पर), पाकिस्तान के शाहीन अफरीदी (12 स्थान के फायदे से 13वें स्थान पर) और बांग्लादेश के स्पिनर रिषाद हुसैन (छह स्थान के फायदे से 20वें पायदान पर) को रैंकिंग में फायदा हुआ है।

# वेस्टइंडीज की लड़खड़ाती फॉर्म, भारतीय टीम को मिला सकता है बढ़त का मौका

**अहमदाबाद में आज सुबह 9.30 बजे से भारत और वेस्टइंडीज के बीच पहला टेस्ट**

**अहमदाबाद।** कप्तान शुभमन गिल की टीम का पलड़ा खराब फॉर्म से जूझ रही वेस्टइंडीज के खिलाफ गुरुवार से हरी भरी पिच पर शुरू हो रहे पहले टेस्ट में भारी रहेगा। गिल समेत भारतीय टीम के अधिकांश सदस्य और मुख्य कोच गौतम गंभीर दुबई से अहमदाबाद पहुंच गए हैं और लाल गेंद के प्रारुप में खेलने की तैयारी में जुट गए हैं। इस श्रृंखला की अहमियत इसलिए भी है क्योंकि इससे विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के अंक भी मिलने हैं। इंग्लैंड में टेस्ट श्रृंखला 2-2 से ड्रॉ कराने के बाद गिल की टीम तीसरे स्थान पर है जबकि इंग्लैंड एक अंक पीछे है। वेस्टइंडीज के खिलाफ श्रृंखला समेत भारत को चार घरेलू टेस्ट खेलने हैं, जिनसे अधिक से अधिक अंक लेने की कोशिश होगी।



### भारत की बल्लेबाजी और गेंदबाजी ईकाई संतुलित

भारत की बल्लेबाजी और गेंदबाजी ईकाई संतुलित है और यह देखना होगा कि देवदत्त पडिक्कल के रूप में अतिरिक्त बल्लेबाज को उतारा जाता है या तेज गेंदबाजी हरफनमौला नितीश रेड्डी को मौका मिलता है। रविंद्र जडेजा और कुलदीप यादव स्पिन गेंदबाजी का जिम्मा संभालेंगे लेकिन भारत वॉशिंगटन सुंदर या अक्षर पटेल को भी मौका दे सकता है।

## बांग्लादेश-पाकिस्तान के बीच मुकाबला आज

**कोलंबो।** महिला वनडे विश्व कप में कमजोर टीमों में गिनी जा रही पाकिस्तान और बांग्लादेश गुरुवार को एक दूसरे के आमने सामने होंगी तो दोनों का इरादा आईसीसी टूर्नामेंट में प्रभावी प्रदर्शन करने का होगा। फातिमा सना की कप्तानी वाली पाकिस्तानी टीम अपने सारे मैच कोलंबो में खेलेगी, जिसमें भारत के खिलाफ रविवार को होने वाला मैच भी शामिल है। दोनों टीमों ने क्वालीफिकेशन के जरिए विश्व कप में जगह बनाई है। पाकिस्तान क्वालीफिकेशन में शीर्ष रहा था जबकि बांग्लादेश दूसरे स्थान पर था। पाकिस्तानी टीम का लक्ष्य निगार सुल्ताना की कप्तानी वाली बांग्लादेश टीम पर दबदबा बनाए रखने का होगा।

**वनडे महिला विश्व कप**

# महिला वनडे विश्व कप : ऑस्ट्रेलिया ने न्यूजीलैंड को 89 रन से हराया



एजेंसी ▶▶| इंदौर

अनुभवी हरफनमौला एशले गार्डनर (115 रन) के शतक के बाद गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन से गत चैंपियन ऑस्ट्रेलिया ने आईसीसी महिला वनडे विश्व कप के अपने शुरूआती मुकाबले में बुधवार को यहां न्यूजीलैंड को 89 रन से शिकस्त दी। गार्डनर के दूसरे वनडे शतक से ऑस्ट्रेलियाई टीम टॉस जीतकर बल्लेबाजी का फैसला करने के बाद शुरूआती झटकों से उबरने में सफल रही और 49.3 ओवर में 326 रन का विशाल स्कोर खड़ा करके आउट हो गई। इस लक्ष्य का पीछा करने उतरी न्यूजीलैंड की टीम कप्तान सोफी डेविने (111 रन, 112 गेंद) की पारी के बावजूद 43.2 ओवर में 237 रन पर सिमट गई जिसमें ऑस्ट्रेलिया की शानदार गेंदबाजी ने अहम भूमिका निभाई। ऑस्ट्रेलिया के लिए तेज गेंदबाज अनाबेल सदरलैंड (26 रन देकर तीन विकेट) तथा अलाना किंग (44 रन देकर दो विकेट) और सोफी मोलिनू (25 रन देकर तीन विकेट) की स्पिन जोड़ी ने शानदार प्रदर्शन किया। न्यूजीलैंड ने दूसरे ओवर में बिना रन जुटाए अपनी दोनों सलामी बल्लेबाज सूजी बेट्स और जॉर्जिया प्लिमर के विकेट गंवा दिए थे।

## भारत ने 13 पदक जीते, एशियाई एक्वाटिक्स चैंपियनशिप में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन

**अहमदाबाद।** भारत ने बुधवार को यहां अंतिम दिन चार कांस्य पदक जीतकर एशियाई एक्वाटिक्स चैंपियनशिप में अपने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन का समापन 13 पदकों के साथ किया जबकि चीन ने 38 स्वर्ण सहित 49 पदक जीतकर अपना दबदबा कायम रखा। भारत चार रजत और नौ कांस्य पदकों के साथ नौवें स्थान पर रहा जिसमें भव्या सचदेवा, साजन प्रकाश, श्रीहरि नटराज और पुरुष रिले टीम ने पदकों में इजाफा किया। महिलाओं की 400 मीटर फ्रीस्टाइल में भव्या ने 4:26.89 सेकेंड का समय लेकर तीसरा स्थान हासिल किया और महिला वर्ग में भारत के लिए पहला पदक जीता।




हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक देवेन्द्र सिंह द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड़, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक-124001 से प्रकाशित। संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। RNI No. 63924/1996, फोन : 9253681019-20, फैक्स : 274202, e-mail : rohtak@haribhoomi.com, rohtakharibhoomi@gmail.com
Postal Regd. No. P/RTK/389/2023-25




| पुराना एक्स-शोरूम | GST बेनिफिट्स | नया एक्स-शोरूम |
|---|---|---|
| ₹77 981* से शुरू | ₹6 093 | ₹71 888* से शुरू |

डाउन पेमेंट ₹1999^ से शुरू

प्रतिदिन की EMI ₹69^ से शुरू

इंस्टेंट डिस्काउंट ₹10 000^ तक HDFC BANK FESTIVE TREATS क्रेडिट कार्ड
Powered by pine labs

5 crore+ HAPPY CUSTOMERS

Splendor+ WORLD'S NO.1 MOTORCYCLE

INDIA'S FIRST 5 YEAR WARRANTY *Conditions apply

Hero GoodLife जीतने का मौका 100% कैशबैक | सोने का सिक्का और भी बहुत सुनिश्चित बेनिफिट्स#

Also available on Flipkart amazon.in

Hero MotoCorp Ltd, Regd. Office: The Grand Plaza, Plot No.2, Nelson Mandela Road, Vasant Kunj Phase - IL. New Delhi - 110070, India. | CIN: L.35911DL1984PLC0173541. For further information, contact your nearest Hero MotoCorp authorised outlet or CALL TOLL-FREE 1800 266 0018 or visit us on www.heromotocorp.com . Accessories and features shown may not be a part of standard fitment. Always wear a helmet while riding a two-wheeler. As per cumulative dispatch numbers till August 2025. 5 crore customers as per the cumulative dispatch numbers of the Splendor family series of motorcycles till March 2025. ^Finance offers are at the sole discretion of the financier, subject to its respective T&Cs. Hero MotoCorp reserves the rights to modify or withdraw any or all the offers without prior notice. #Limited period offer, T&C apply. *Ex-showroom prices are applicable in Haryana.

TOLL FREE 1800 266 0018

Authorised Dealers: Ambala Cantt: Haryana Motors- 9289923122; Ambala City: Dhruv Hero - 9289922868; Assandh: Sandhu Hero - 9996571157; Bahadurgarh: Satvik Hero - 9289922550 Bhiwani: Jaya Hero - 9289922056; Ellenabad:Ajit Hero - 9289922505; Fatehabad: Shri Balaji Hero - 9289922057; Gharaunda: Laxmi Hero - 9289922433; Gohana: Krishna Hero - 9289923026; Hisar: Chaudhary Hero - 9289922049, Vikrant Hero - 9289923082; Jhajjar: Pushkar Hero - 9289923147; Jagadhari: Khanna Hero - 9289922050; Jind: National Hero - 9289922061; Kaithal: Chaudhary Hero - 9289922062; Karnal: Nirmal Hero - 9289922048; Kurukshetra: VPS Hero - 9289922988; Ladwa:Khanna Hero - 9289922063; MandiDabwali:Karan Hero - 9289922490; Nuh: Sunil Hero - 9289923087; Narnaul: Autodeals Hero - 9289922058; Narwana: Narwana Hero- 9289923101; Palwal: DevVaahan Hero - 9289922877; Panchkula: Regent Hero - 9289923161; Panipat: Kadian Hero - 9289923182, Sahib Hero - 9289922059; Pehowa: Saraswati Hero - 9289922393; Rewari: Virendra Hero - 9289922060; Rohtak:Shivam Hero - 9289922047; Sirsa: Khanna Hero- 9289923195; Sonipat: Madaan Hero - 9289922865; Yamuna Nagar: Rohit Hero - 9289922394; Hansi: Sunil Motors- 9821744694.

RS/Hero/09/25